गुरुवार, 9 जुलाई 2026

मौसम

तापमान 26 – 30
आर्द्रता 80%
सूर्योदय: 04:58 सूर्यास्त: 18:25

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : मतलबी लोगों को चाहे जितना अपना बना लो कभी आपके नहीं होंगे।



सांस्कृतिक विरासत हमें जोड़ती हैं, प्रम्बानन मंदिर परिसर के संरक्षण के लिए इंडोनेशिया का आभार : मोदी पृष्ठ 7

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बारुईपुर दुष्कर्म हत्या मामला : बंगाल में यूपी मॉडल!

## मुख्य आरोपी पुलिस एनकाउंटर में ढेर

### देर रात क्राइम सीन रिक्रिएशन के दौरान आरोपी ने छीनी पुलिस की पिस्टल, किया हमला

### पुलिस का दावा, आत्मरक्षा में चलाई गोली

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बारुईपुर में एक लड़की से दुष्कर्म और उसके बाद उसकी हत्या करने के मामले के मुख्य आरोपियों में से एक पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी की पहचान प्रभास मंडल के रूप में हुई जिसे इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि बच्ची के लापता होने से पहले सीसीटीवी फुटेज में मंडल को उसके साथ देखा गया था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंडल पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को कथित तौर पर गुमराह कर रहा था और जांच में सहयोग नहीं कर रहा था, जिसके कारण जांच टीम घटना की कड़ियों को जोड़ने और अपराध में उसकी भूमिका का पता लगाने के लिए उसे मंगलवार की रात 12.45 बजे बारुईपुर के सूर्यपुर स्थित घटनास्थल पर ले गए थे। वहां घटना का पुनर्निर्माण कराया जा रहा था। पुलिस का दावा है कि इसी दौरान प्रभास मंडल ने एक पुलिस कर्मी की राइफल छीन ली और वहां से भागने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, उसने



टीम की ओर एक राउंड फायरिंग भी की। इसके बाद, पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें प्रभास मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल बारुईपुर महकमा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए आरोपी का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा भरा जाएगा, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया जाएगा। पुलिस की एक टीम ने बुधवार की सुबह मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण किया और कथित गोलीबारी से जुड़े साक्ष्यों की वीडियोग्राफी की।

#### मामले में बशीरहाट से चौथा आरोपी गिरफ्तार

इस बीच, एसटीएफ, बारुईपुर एसओजी और जिला पुलिस के एक संयुक्त अभियान में उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट से अन्य आरोपी कबीर मोल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि मोल्ला अपराध के बाद से ही फरार था। उसे पूछताछ के लिए बारुईपुर लाया गया। उसने बताया कि इस मामले में अब तक कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### 'मैं खुद उसके दुर्व्यवहार की शिकार', आरोपी की पत्नी ने कहा

आरोपी प्रभास मंडल की पत्नी चंपा मंडल ने बुधवार को कहा कि वह स्वयं शादी के बाद से मंडल के उत्पीड़न की शिकार रही है। साथ ही, चंपा ने कहा कि वह यह नहीं कह सकती कि प्रभास बेगुनाह था या नहीं। इस दिन, चंपा ने कहा कि प्रभास के पास कोई स्थायी रोजगार नहीं था और वह अधिकतर समय घर पर ही रहता था। शादी के बाद मैंने उसका व्यवहार देखा। उसके साथ रहते हुए मैंने बहुत बुरा बर्ताव सहा है।

### आरोपी का शव लेने से मां ने किया इनकार

बारुईपुर दुष्कर्म हत्या मामले के आरोपी के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद उसकी मां ने बुधवार को शव लेने से इनकार कर दिया और कहा कि उनके बेटे को उसके कर्मों की सजा मिली है। आरोपी की मां संध्या मंडल ने कहा कि कथित मुठभेड़ में बेटे के मारे जाने का उन्हें कोई अफसोस नहीं है और वह उसका शव देखने अस्पताल भी नहीं जाएंगी। आरोपी की मां ने कहा कि उन्होंने पूछा कि क्या मैं उसे देखना चाहती हूं। मैं उसका चेहरा नहीं देखना चाहती। मैं उसकी लाश लेने नहीं जाऊंगी और परिवार का कोई भी सदस्य भी नहीं जाएगा।

### बारुईपुर मुठभेड़ के बाद राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री

#### बारुईपुर मामले और कानून-व्यवस्था पर 40 मिनट चर्चा हुई

दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और हत्या के मामले के एक आरोपित की पुलिस मुठभेड़ में मौत के कुछ घंटों बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार दिन में लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में बारुईपुर की नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के मामले सहित राज्य की समग्र कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक स्थिति तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। हालांकि, राजभवन या राज्य सरकार की ओर से बैठक को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

#### पीड़ित परिवार ने सरकार और पुलिस की कार्रवाई पर जताया भरोसा

पीड़िता के परिवार ने सरकार और पुलिस की कार्रवाई पर भरोसा जताया है। पीड़िता के पिता ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और राज्य सरकार पर पूरा विश्वास है तथा उन्हें उम्मीद है कि उनकी बेटी को न्याय मिलेगा। पीड़िता के पिता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार जिस तरह से मामले में कार्रवाई कर रही है, उससे उनका परिवार संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अमेरिका ने ईरान के 80 ठिकानों पर किया ताबड़तोड़ हमला

## होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे वाणिज्यिक जहाजों पर ईरानी हमलों के जवाब में कार्रवाई

### ईरान के साथ अमेरिका का सीज फायर खत्म

**दुबई :** अमेरिकी सुरक्षा बलों ने ईरान के 80 से अधिक स्थानों पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं। ये हमले होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे वाणिज्यिक जहाजों पर ईरानी हमलों के जवाब में किए गए। अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने एक्स पर इसकी पुष्टि की। सेंटकॉम के मुताबिक, 7 जुलाई को ईरान के खिलाफ आक्रामक हमलों का नया दौर पूरा किया गया। सुरक्षा बलों ने सटीक हथियारों से 80 से अधिक ईरानी लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान की वायु रक्षा प्रणालियां, कमांड और नियंत्रण नेटवर्क, तटीय रडार साइटें, जहाज-रोधी मिसाइल क्षमताएं और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की 60 से अधिक छोटी नावों पर हमला किया गया।

### हमलों के बाद ईरान ने बहरीन एवं कुवैत को निशाना बनाया, ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति रद्द

ट्रंप ने ईरान को वैश्विक बाजार में कच्चा तेल खुले तौर पर बेचने की अनुमति देने वाले लाइसेंस को भी रद्द कर दिया। ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई के जबाव में बहरीन और कुवैत पर हमले किए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बाद में कहा कि ईरान के साथ अंतरिम समझौता "समाप्त" हो गया है, लेकिन वह बातचीत जारी रहने देंगे। इससे चिंता बढ़ गई कि पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष फिर शुरू हो सकता है और इसी के साथ कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। युद्धविराम की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, "मुझे लगता है कि यह समाप्त हो चुका है।" उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधि बातचीत जारी रख सकते हैं लेकिन उन्होंने उसके नतीजे को लेकर संदेह जताया। ट्रंप ने कहा, "वे बातचीत कर सकते हैं, लेकिन मेरे हिसाब से वे अपना समय बर्बाद कर रहे हैं।"

#### होर्मुज बंद तो भारत के पास कितने दिन का तेल?

रिपोर्ट के अनुसार जून में भारत के कमर्शियल स्टोरेज और रिफाइनरियों में मौजूद कुल कच्चे तेल का स्टॉक 10.4 करोड़ बैरल हो गया था। की रिपोर्ट के अनुसार एक दिन में भारत करीब 50 लाख बैरल तेल खपत करता है। फिलहाल भारत के पास जमीन के भीतर पेट्रोलियम भंडार की कुल क्षमता 53.3 लाख मीट्रिक टन है, जो करीब 3.9 करोड़ बैरल कच्चे तेल के बराबर है। एंजेल वन की रिपोर्ट के मुताबिक विशाखापत्तनम, मैंगलोर और पादुर में भारत का 5.33 मिलियन मीट्रिक टन क्रूड ऑयल सुरक्षित है।

# भारत ने पिनाका लंबी दूरी की निर्देशित रॉकेट का सफल परीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने बुधवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण स्थल से पिनाका लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट (एलआरजीआर) का सफल उड़ान परीक्षण किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रॉकेट का परीक्षण उपयोगकर्ता द्वारा तय 60 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी की मारक क्षमता की जांच करने के लिए किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने आठ जुलाई को चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण स्थल (आईटीआर)पर पिनाका लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट (एलआरजीआर)का सफल उड़ान परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि



योजना के मुताबिक उड़ान के दौरान सभी मानकों पर खरा उतरते हुए एलआरजीआर ने पहले से तय रास्ते का बिल्कुल सटीक तरीके से पालन किया और "बेहतरीन सटीकता" के साथ अपने लक्ष्य को भेदा। उन्होंने बताया कि परीक्षण की निगरानी करने के लिए लगाए गए सभी उपकरणों ने उड़ान के समय रॉकेट के पूरे रास्ते पर नजर रखा। उन्होंने बताया कि पिनाका एलआरजीआर रॉकेट को शस्त्र अनुसंधान एवं विकास संगठन ने उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के साथ मिलकर डिज़ाइन किया है, जिसमें 'रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला' और 'रिसर्च सेंटर इमारत' का सहयोग मिला है।

### अयोध्या राम मंदिर दान चोरी मामले में एसआईटी ने अविनाश शुक्ला को बनाया मुख्य आरोपी



**अयोध्या :** अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रहे विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) की शुरुआती रिपोर्ट में अविनाश शुक्ला को मुख्य आरोपी बताया गया है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि जांचकर्ताओं को शक है कि 40 दिनों तक चली इस चोरी में मंदिर के दान की रकम की गिनती के दौरान चोरी के लगभग 70 मामले शामिल थे। मंदिर से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तीन सदस्यों वाली एसआईटी के अंतरिम नतीजों पर सोमवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक में चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर में भक्तों के चढ़ावे की गिनती करने के काम में शामिल अविनाश शुक्ला के खिलाफ एसआईटी को सबसे मजबूत सुबूत मिले हैं, लिहाजा उसे इस मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कथित चोरी का पूरा प्रकरण शुक्ला के इर्द-गिर्द केंद्रित था और उसकी निशानदेही पर ही जांचकर्ताओं को पांच अन्य आरोपियों की पहचान करने और मंदिर के दान राशि गणना कक्ष के अंदर संदिग्ध काम करने के तरीके को समझने में मदद मिली।

### एनआईए ने ऑनलाइन आतंकी साजिश मामले में देशभर में छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने ऑनलाइन आतंकी साजिश से जुड़े एक मामले में बुधवार को देश भर में छापेमारी की। यह साजिश आईएसआईएस और एक्यूआईएस जैसे आतंकी संगठनों की विचारधारा को बढ़ावा देकर, लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार के खिलाफ हिंसक जिहाद के ज़रिए भारत में इस्लामिक राष्ट्र बनाने से संबंधित है। एनआईए के एक बयान के मुताबिक, जांच के तहत एजेंसी की टीम ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में कुल 20 जगहों पर एक साथ छापेमारी की।

# बंगाल में 'स्वच्छ कवच' योजना का आगाज, 7 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

### मुख्यमंत्री शुभेंदु ने सफाई कर्मियों को बांटे सुरक्षा किट

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को एक नई जनहितैषी योजना 'स्वच्छ कवच' की शुरुआत की है। एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत राज्य के 50,000 सफाई कर्मचारियों को विशेष सुरक्षा किट सौंपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के आरंभ में शहरी विकास एवं नगर नियोजन मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने 'स्वच्छ कवच' किट के वितरण के उद्देश्यों और दूरगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद, मुख्य संबोधन में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने स्वच्छता को एक सामाजिक कर्तव्य और नागरिक चेतना का अनिवार्य हिस्सा बताया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'स्वच्छ भारत अभियान' आज वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोलकाता और बिधाननगर नगर निगम के संयुक्त प्रयास से 'स्वच्छता ते स्वागत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसकी खुद प्रधानमंत्री ने रेड रोड पर आयोजित ऐतिहासिक योग दिवस समारोह में भूरि-भूरि प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा कि नागरिकों में जागरूकता की कमी, अंधाधुंध पेड़ों की कटाई और कंक्रीट के बढ़ते जंगलों के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में 15 साल से पुरानी गाड़ियों के परिचालन पर प्रभावी निगरानी न होना स्थिति को और जटिल बना रहा है। मुख्यमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि इसका सबसे घातक असर बच्चों, किशोरों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है, जिससे त्वचा रोग और सांस से जुड़ी बीमारियां खतरनाक स्तर पर बढ़ रही हैं।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षा बलों के अभियान में लश्कर-ए-तैयबा का 'कमांडर' ढेर

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के आतंकवाद विरोधी अभियान में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक स्वयंभू कमांडर मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के इस जिले में मीमांदर इलाके में तीन जुलाई को तलाश अभियान शुरू किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "तुम सिर्फ कुछ दूर तक भाग सकते हो लेकिन हमारी नजरों से छिप नहीं सकते। राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में शोपियां के विशेष अभियान समूह ने लश्कर के एक आतंकवादी को ढेर कर दिया।" पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मारे गए आतंकी की पहचान जाकिर अहमद गनी (26) के रूप में की, जो प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन का स्वयंभू कमांडर था। अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी जिले कुलगाम के मोटलहामा इलाके के निवासी गनी 27 सितंबर 2023 को घर से काम की तलाश में निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उन्होंने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चल पाने के बाद परिवार के सदस्यों ने तीन अक्टूबर, 2023 को कुलगाम थाने में



गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद गनी लश्कर-ए-तैयबा की एक शाखा, आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) में शामिल हो गया। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ कुलगाम थाने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तीन जुलाई को सीसीटीवी कैमरों में मीमांदर इलाके के एक घने बाग में दो आतंकियों को देखा था।

#### अनंतनाग में आतंकवादियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ यात्रा के लिए लगाई गई चेहरा मिलान प्रणाली (एफआरएस) की मदद से आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अनंतनाग पुलिस की ओर से लगाए गए एफआरएस ने सरबल इलाके से गुजर रहे तीन संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में समय रहते अलर्ट जारी किया। उन्होंने कहा कि इससे अमरनाथ यात्रा के लिए तैनात उन्नत निगरानी प्रणाली की प्रभावशीलता साबित होती है।

### इसरो ने गगनयान की पैराशूट प्रणाली का महत्वपूर्ण परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गगनयान के क्रू मॉड्यूल के मुख्य पैराशूट का एक महत्वपूर्ण परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। यह परीक्षण मंगलवार को मध्यप्रदेश के श्योपुर में हवाई वितरण अनुसंधान एवं विकास संस्थापन (एडीआरडीई) ड्रॉप जोन में किया गया। इसरो ने बुधवार को एक बयान में कहा, "इस परीक्षण का मकसद पहले मानवरहित गगनयान जी1 मिशन के दौरान, ज़्यादा से ज़्यादा संभावित भार की स्थिति में मुख्य पैराशूट की मज़बूती और डिज़ाइन को परखना था।" परीक्षण के दौरान एक मुख्य पैराशूट और 'डमी' भार से युक्त एक सिम्युलेटेड असेंबली को भारतीय वायु सेना के आईएल-76 विमान से 2.5 किलोमीटर की ऊंचाई से गिराया गया।

## महादेव ऐप के संस्थापक को ओमान में हिरासत में लिया गया

### भारत ने प्रत्यर्पण की कोशिशें तेज की

**नयी दिल्ली :** महादेव सट्टेबाजी ऐप सिंडिकेट मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को ओमान में हिरासत में ले लिया गया है, जिसके बाद भारत उसके प्रत्यर्पण या निर्वासन की कोशिशों में जुट गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ निवासी चंद्राकर महादेव सट्टेबाजी ऐप का संस्थापक है और रॉयल ओमान पुलिस ने राज्य पुलिस तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी भारतीय जांच एजेंसियों के आग्रह पर उसके खिलाफ जारी इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर कुछ हफ्ते पहले उसे हिरासत में ले लिया। ईडी का



आरोप है कि महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में छत्तीसगढ़ के कई बड़े नेता और नौकरशाह शामिल हैं तथा इस मामले में अपराध से हुई कथित कमाई 6,000 करोड़ रुपये के करीब है। चंद्राकर और महादेव ऐप के सह-संस्थापक रवि उप्पल का पता लगाने की कोशिशों में जुटे जांचकर्ताओं ने बताया कि अनौपचारिक जानकारी से संकेत मिला है कि चंद्राकर कथित तौर पर एक दक्षिण-पूर्व एशियाई देश के पासपोर्ट पर यात्रा कर रहा था। भारतीय एजेंसियों ने पहले बताया था कि चंद्राकर दुबई में है, जहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों ने 2024 में उसे हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया।



## बारह साला बच्ची पर हैवानियत का कहर

अब आए दिन देश के प्रिंट मीडिया से लेकर अन्य सूचना माध्यमों में यौन अपराधों की विचलित करने वाली घटनाएं सुर्खियों में रहती हैं। यौन लिप्साओं का यह विस्फोट विचलित करने वाला है। कोई निर्भया, किसी के साहस के बूते अपने साथ हुए अन्याय को उजागर कर देती है, वहीं देश की अनेक निर्भयाएं यौन हिंसा व क्रूरता के बावजूद गुमनामी के अंधेरे में त्रास झेलने को अभिशप्त हो जाती हैं। हाल की दो घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में बारह वर्षीय बालिका को चार दिन बंधक बनाकर दो दर्जन लोगों द्वारा दुराचार किया गया। इस मामले में 18 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं और कुछ गिरफ्तारियां बाकी हैं। दूसरी घटना पश्चिम बंगाल की है जहां बारुईपुर में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। शव परीक्षण में पाया गया कि उसके सिर व निजी अंगों पर गंभीर चोटें थी। इतना ही नहीं, दुराचार के बाद उसे बोरे में बंद करके जिंदा ही तालाब में डुबो दिया गया। दोनों ही घटनाएं विचलित करने वाली हैं, लेकिन श्रीगंगानगर की घटना हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली है। जनाक्रोश के चलते प्रशासन ने न केवल 18 लोगों को गिरफ्तार किया बल्कि उन होटलों को भी ध्वस्त किया गया जहां अलग-अलग जगहों में बच्ची को बंधक बनाकर देह व्यापार कराया गया। निस्संदेह, मोबाइल के बढ़ते हस्तक्षेप से परिवार संस्था की चूलें हिली नजर आती हैं। कथित सोशल मीडिया समाज में विद्रूपताओं को जन्म दे रहा है। श्रीगंगानगर की बारह वर्षीय लड़की शहर से सौ किमी दूर अपने एक इंस्टाग्राम फ्रेंड से मिलने जाती है, जो उससे वहां दुराचार करता है। वहां से देर रात शहर लौटने पर एक रिक्शेवाले के झांसे में आकर होटल पहुंचती है और फिर उसके साथ दुराचार का अंतहीन सिलसिला शुरू हो जाता है। परिजनों के लापता किशोरी के तलाश में थाने पहुंचने के बाद पुलिस हरकत में आती हैं, फिर उसे मुक्त कराया जाता है।

निस्संदेह, ये घटनाएं इंसानियत को शर्मसार करने वाली हैं। इस राक्षसी कृत्य से उद्वेलित लोग श्रीगंगानगर की सड़कों पर उतर आए। क्षुब्ध लोगों ने मशाल जुलूस निकालकर कानून के रखवालों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जनाक्रोश को देखते हुए 18 लोगों की गिरफ्तारी हुई। कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। लेकिन सवाल यह कि भारतीय समाज में हो रहे यौन लिप्साओं के विस्फोट की वजह क्या है? ये नैतिक पतन की पराकाष्ठा क्यों हो रही है? हवस के भूखे भेड़िए न उम्र देखते हैं, न किसी बेटी की बेबसी। उस किशोरी के साथ हुई बर्बरता के बारे में सोचकर भी रूह कांपती है। जो शायद ही जीवनभर इस त्रासदी से उबर पाये। कहीं न कहीं इंटरनेट व सोशल मीडिया पर यौन स्वच्छंदता की पश्चिम की आंधी हमारे समाज को पतित कर रही है। हमारे परंपरागत शुचिता के रिश्तों को तार-तार करके निरंकुश यौन व्यवहार को तार्किक बताने की साजिश रची जा रही है। हम बच्चों को रामराज के संस्कार देते हैं, जबकि समाज में दानवराज का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। बच्चों को भी त्याग-तपस्या से लालन-पालन करने वाले मां-बाप की बजाय आभासी दुनिया के छद्म मित्र रास आ रहे हैं। जिसके सम्मोहन में यह किशोरी घर से निकली और उसका पहला शिकार बनी। हवस के भेड़िये भी परिस्थितियों की मारी लड़कियों को ही अपने शिकंजे में लेते हैं। ऐसे में बेटियों को भी घर से निकलते वक्त समय की संवेदनशीलता और लोगों की विश्वसनीयता को परखना चाहिए। घर वालों से चोरी-छिपे अनजान लोगों पर यकीन करने की वजह से अकसर बेटियां अपराधियों की आसान शिकार बनती हैं। यौन अपराधों के उफान के दौर में पुलिस और स्त्री रक्षा से जुड़ी एजेंसियों को भी नये दौर की नई चुनौतियों के मुताबिक तैयार करना होगा। इसमें चाइल्ड वेलफेयर से जुड़ी संस्थाओं की सजगता -सक्रियता बढ़ाने तथा पॉक्सो व जुवेनाइल जस्टिस एक्ट को सख्त बनाने की जरूरत है। अभिभावक व स्कूल-कालेज बच्चियों को यौन-हिंसा से बचने और आत्मरक्षा से जुड़े विषयों पर गंभीर चर्चा करें। यदि इस दिशा में गंभीर पहल नहीं हुई तो पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर लगाए जा रहे 'रेप कैपिटल' के आरोप हकीकत समझे जाने लगेंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 जुलाई, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ कृष्णपक्ष नवमी, 10:34 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 14:50 तक, योग : सुकर्माण, 10:06 तक, सूर्योदय: 04:58, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 00:23, चन्द्रास्त: 13:46, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 13:58 से 15:38

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपको सतर्कता और समझदारी के साथ आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। परिवार के सदस्यों के चेहरों पर मुस्कान देखकर आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष :** आज आपका पूरा ध्यान अपने अधूरे और जरूरी कामों को सही तरीके से पूरा करने पर रहेगा। आपकी मेहनत और लगन का फल मिलने के संकेत हैं। स्थिति को समझदारी से संभालें।

**मिथुन :** आज का दिन संतुलन बनाए रखने का संदेश दे रहा है। दूसरों की मदद करना अच्छी बात है, लेकिन अपने कामों को नजरअंदाज करना आपके लिए सही नहीं रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन संतोष, सम्मान और उपलब्धियों का सुंदर मेल लेकर आ सकता है। सामाजिक, राजनीतिक या सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलने के संकेत हैं।

**सिंह :** आज का दिन व्यापार और करियर दोनों क्षेत्रों में उत्साहजनक परिणाम दे सकता है। आपका प्रभावशाली व्यक्तित्व लोगों को आकर्षित करेगा और नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं।

**कन्या :** आज सकारात्मक ऊर्जा आपके चारों ओर बनी रहेगी। मित्रों के साथ संबंध और मजबूत होंगे और उनसे सहयोग भी मिलेगा। आर्थिक योजनाएं लाभ का मार्ग खोल सकती हैं।

**तुला :** भाग्य आज आपके पक्ष में खड़ा नजर आ रहा है। प्रॉपर्टी खरीदने, बेचने या उससे जुड़े बड़े फैसले लेने के लिए समय अनुकूल है। साझेदारी में शुरू किया गया काम भी अच्छा लाभ दे सकता है।

**वृश्चिक :** आज हर नए व्यक्ति पर तुरंत भरोसा करने से बचना होगा। जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान का कारण बन सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आत्मविश्वास को नई ऊंचाई देगा।

**धनु :** आज आपका प्रभाव और सम्मान दोनों बढ़ने के संकेत दे रहे हैं। हालांकि दूसरों के मामलों में अनावश्यक दखल देने से बचना ही समझदारी होगी। मीठी बातों में आकर कोई निर्णय न लें।

**मकर :** आज कुछ पारिवारिक और व्यक्तिगत विषय आपके मन को व्यस्त रख सकते हैं। संतान के करियर या नौकरी से जुड़ी चिंता आपको परेशान कर सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें।

**कुम्भ :** आज आपका मन धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की ओर आकर्षित रहेगा। लंबे समय से रुके हुए सरकारी कार्यों को गति देने के लिए किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं।

**मीन :** आज का दिन लाभ और खुशियों की सौगात लेकर आ सकता है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है, जिससे आर्थिक राहत महसूस होगी।

# चढ़ावा विवाद के बीच राम मंदिर ट्रस्ट की अहम बैठकें हुईं

**अयोध्या :** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की एसआईटी जांच के बीच बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने अयोध्या में कई बैठकें कीं। ट्रस्ट के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे कुछ दिन पहले ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक के बाद हुई थी, जिसमें पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के नैतिक आधार पर दिए गए इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि विवाद के बाद ट्रस्ट ने अपने प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव करने का भी फैसला किया है, जिसमें एक पेशेवर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति भी शामिल है। ट्रस्ट के सूत्रों के अनुसार, गोविंद देव गिरि ने ट्रस्ट कार्यालय में चंपत राय से मुलाकात की और करीब एक घंटे तक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक चंपत राय बंसल द्वारा मंगलवार को श्रद्धालुओं के नाम लिखे गए पत्र के बाद हुई। पत्र में उन्होंने कहा था कि एसआईटी के जांच पूरी कर अंतिम रिपोर्ट सौंपने के बाद ही वह सभी आरोपों का जवाब देंगे। उन्होंने यह भी लिखा कि तब तक उन्होंने मौन धारण किया है। राय ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अफवाहों या अटकलों पर आधारित खबरों से गुमराह न हों। सूत्रों के अनुसार, बाद में सामने आए उनके हस्ताक्षरित बयान में चंपत राय ने मंदिर की दान राशि की गिनती की प्रक्रिया में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि बैंक ने नकदी गिनने के लिए एक निजी एजेंसी की सेवाएं ली थीं और कथित चोरी ट्रस्ट की प्रत्यक्ष निगरानी में नहीं, बल्कि उसी प्रक्रिया के दौरान हुई। गिरि ने सार्वजनिक रूप से चंपत राय का बचाव करते हुए कहा कि उनकी नजर में राय की छवि अब भी बेदाग है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि राय ने लंबे समय तक गलत लोगों पर भरोसा किया, जिससे कथित गबन का पता नहीं चल सका।

### ट्रस्ट से हटाए गए गोपाल राव ने छोड़ा मंदिर परिसर स्थित आवास




राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य पद से हटाए गए गोपाल नागरकट्टे उर्फ गोपाल राव ने मंदिर परिसर स्थित अपना आवास बुधवार को खाली कर दिया। मंदिर के सूत्रों ने बताया कि राव आवास खाली करके कारसेवक पुरम चले गए हैं। सूत्रों ने बताया कि इससे पहले ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि से मुलाकात करने वाले राव ने मंदिर परिसर में प्रवेश के लिए जारी किया गया कार पास भी लौटा दिया है। राव ने पहले मंदिर में निर्माण कार्य की देखरेख की थी और बाद में वह इसके प्रबंधन से जुड़े थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंगलवार को कहा था कि सोमवार को हुई ट्रस्ट की बैठक में इस्तीफे स्वीकार किए जाने के बाद पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा अब ट्रस्ट के सदस्य नहीं रह गए हैं।

### अयोध्या राम मंदिर दान चोरी मामले में पुलिस रिमांड पर लिये गये तीन आरोपी

अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को एक स्थानीय अदालत के आदेश पर बुधवार को 24 घंटे की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच कर रहे अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने सुबह करीब सात बजे ज़िला जेल से अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया। विशेष अदालत (भ्रष्टाचार रोधी) के आदेश के अनुसार रिमांड की यह अवधि बुधवार सुबह सात बजे शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान सामने आए नए सुबूतों के बारे में आरोपियों से पूछताछ की जाएगी और पुलिस उन जगहों पर तलाशी भी ले सकती है जिनकी आरोपियों ने निशानदेही की है ताकि चोरी की गयी नकदी और अन्य सामान बरामद किया जा सके। अधिकारियों के मुताबिक अभियोजन पक्ष ने रिमांड की मांग इसलिए की थी ताकि मामले में गिरफ्तार अन्य लोगों से पूछताछ के दौरान इकट्ठा की गई सामग्री और सबूतों के आधार पर इन तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा सके।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपियों को मिलनी चाहिए सजा: अनुपम खेर



**अयोध्या :** दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने बुधवार को कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की राशि की कथित चोरी के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ा जाना चाहिए और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। खेर ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस विवाद से मंदिर की पवित्रता और सम्मान पर कोई आंच नहीं आनी चाहिए। अभिनेता (71) ने बताया कि वह अपनी आगामी फिल्म 'श्री राम भूमि' की शूटिंग शुरू करने से पहले मंदिर में दर्शन करने आए हैं। खेर ने संवाददाताओं से कहा, हमारी नयी फिल्म 'श्री राम भूमि' की शूटिंग आज से अयोध्या में शुरू हो रही है। राम लल्ला और भगवान हनुमान के आशीर्वाद के बिना कोई भी नया काम कैसे शुरू हो सकता है? इसीलिए मैं यहां उनका आशीर्वाद लेने और सभी के स्वास्थ्य, शांति तथा सुख-समृद्धि की प्रार्थना करने आया हूं।

### 'डमी' अभ्यर्थी बनकर उच्च न्यायालय एलडीसी भर्ती परीक्षा देने का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान उच्च न्यायालय एलडीसी भर्ती परीक्षा-2022 में 'डमी' अभ्यर्थी बनकर इम्तिहान देने के आरोपी को विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जालोर जिले के झाब थाना क्षेत्र के आखेरी गांव के निवासी महेंद्र कुमार बिश्नोई (30) ने असली अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देकर उसे धोखाधड़ी से सरकारी नौकरी दिलवाई थी। अतिरिक्त महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय एलडीसी भर्ती परीक्षा-2022 का आयोजन 19 मार्च 2023 को हुआ था। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि महेंद्र ने दौसा के श्रीरामकरण जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महुवा के टिकरी के निवासी वास्तविक अभ्यर्थी ब्रजेश कुमार मीणा के स्थान पर परीक्षा दी थी।

## झारखंड : करणी सेना नेता की हत्या मामले के मुख्य आरोपी ने जमशेदपुर की अदालत में आत्मसमर्पण किया

**जमशेदपुर :** करणी सेना नेता हिमांशु सिंह की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी विश्वनाथ लोहरा उर्फ बोदरा ने बुधवार को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले की एक स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विश्वनाथ 27 जून की रात शहर के बिष्टुपुर पुलिस थाना क्षेत्र में एक बार के नजदीक सिंह की हुई हत्या के बाद से फरार था और पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी योग्य जानकारी देने पर दो लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की थी। बिष्टुपुर पुलिस थाना के प्रभारी निरंजन कुमार ने कहा, ''विश्वनाथ लोहरा ने मुख्य दंडाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण किया। हम जल्द ही उसे घटना के सिलसिले में पूछताछ के लिए हिरासत में लेंगे।'' आरोप है कि छेड़छाड़ के कथित मामले को लेकर हुए झगड़े के बाद, विश्वनाथ और उसके साथियों ने 28 साल के हिमांशु और उसके दोस्त



प्रत्यूष सिंह को पुलिस के गश्ती वाहन से बाहर खींचा और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बार के सामने उन पर चापड़ और कुल्हाड़ी से हमला किया। पुलिस के मुताबिक घटना के दो दिन बाद इलाज के दौरान हिमांशु सिंह की मौत हो गई, जबकि प्रत्यूष कोलकाता के एक अस्पताल में अब भी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। पुलिस ने इस मामले में बार के मालिक, उसके प्रबंधक और चार किशोरों समेत 10 लोगों को पकड़ा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. एहतेशाम वकारिब ने मंगलवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गिरफ्तार लोगों ने पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि झगड़े की शुरुआत बार में गाना बजाने को लेकर हुई थी। उन्होंने कहा, लेकिन पुलिस हिमांशु की हत्या की असल वजह का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस की टीम फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए झारखंड के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में भी छापेमारी की कार्रवाई कर रही हैं।

## बिहार मंत्रिमंडल ने 22 प्रस्तावों को दी मंजूरी; सैटेलाइट टाउनशिप, आरआरटीएस और रूफटॉप सोलर परियोजनाओं को मिली हरी झंडी

**पटना :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में 22 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें राज्य में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप का विकास, चार प्रमुख कॉरिडोर में रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस), सरकारी भवनों पर 500 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्र तथा मत्स्य अवसंरचना के विकास के लिए नई कंपनी के गठन जैसे अहम फैसले शामिल हैं।मंत्रिमंडल विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि सैटेलाइट टाउनशिप परियोजना के लिए अहमदाबाद स्थित सेंटर फॉर एनवायरनमेंटल प्ल-ानिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईपीटी) एडवाइजरी फाउंडेशन को तकनीकी सहायता इकाई के रूप में नामित



किया गया है। यह संस्था परियोजन-ाओं की योजना, नीति निर्माण, क्रियान्वयन की निगरानी और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करेगी। सरकार का मानना है कि इससे आधुनिक शहरी विकास को गति मिलेगी, निवेश आकर्षित होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।कैबिनेट ने पटना-गया, पटना-बेगूसराय, पटना-हाजीपुर-सोनपुर तथा पटना-आरा कॉरिडोर में आरआरटीएस विकसित करने के लिए वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट और विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीप-ीआर) तैयार कराने की मंजूरी भी दी। इस कार्य पर करीब 31.59 करोड़ रुपये खर्च होंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) परियोजना की व्यवहार्यता, संभावित मार्ग और लागत का अध्ययन करेगा।बैठक में अगले पांच वर्षों के दौरान सरकारी भवनों पर 500 मेगावाट क्षमता के ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने की योजना को भी स्वीकृति दी गई। यह परियोजना रेस्को मॉडल पर लागू होगी, जिसमें निजी एजेंसी अपने खर्च पर संयंत्र लगाएगी और सरकार उससे बिजली खरीदेगी।

### ईडी ने सपा के पूर्व विधायक के खिलाफ उत्तर प्रदेश में कई जगह छापे मारे

**लखनऊ :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समाजवादी पार्टी के एक पूर्व विधायक और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ धन शोधन से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई झांसी जिले की गरौठा विधानसभा सीट से पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव के खिलाफ शुरू की गई। उन्होंने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी द्वारा झांसी और लखनऊ में कई परिसरों पर छापेमारी की गई है। धन शोधन की यह जांच उत्तर प्रदेश सतर्कता ब्यूरो द्वारा पूर्व विधायक के खिलाफ कथित रूप से आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में दर्ज एक प्राथमिकी और 23 अन्य शिकायतों से जुड़ी है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर अयोध्या को बदनाम करने की कोशिश कर रहीं सपा, कांग्रेस: आदित्यनाथ



मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने की मां विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना

**चित्रकूट :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले का राजनीतिकरण करके अयोध्या और भगवान राम की विरासत को बदनाम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की सिफारिश पर विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश दिया। चित्रकूट में 950 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लोकार्पण के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि मामला सामने आने के बाद विपक्षी दल अचानक सक्रिय हो गए हैं क्योंकि उन्हें अयोध्या को निशाना बनाने के लिए एक मुद्दा मिल गया है। उन्होंने कहा, आपने हाल की खबरें सुनी होंगी। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अचानक सक्रिय हो गईं। ये वे पार्टियां हैं जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से अयोध्या की आलोचना की है, और उन्हें फायदा उठाने के लिए एक मुद्दा मिल गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रस्ट ने स्वयं सरकार को सूचित किया कि उसे दान की गिनती के दौरान कथित चोरी के बारे में जानकारी मिली है और एक उच्च स्तरीय एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने ट्रस्ट की सिफारिश को स्वीकार करके एक उच्च स्तरीय एसआईटी गठित की। जांच के दौरान चोरी में सीधे तौर पर शामिल पाए गए छह लोगों के खिलाफ सबूत मिले, जबकि दो अन्य व्यक्ति साजिश का हिस्सा थे। एसआईटी की सिफारिशों के आधार पर ट्रस्ट ने एक प्राथमिकी दर्ज करके कार्रवाई की।

## पटना में 'फास्ट फूड' विक्रेता का अपहरण, बरामदगी के लिए पुलिस छापेमारी जारी


**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में 25 वर्षीय 'फास्ट फूड' विक्रेता का कथित रूप से अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया, जिसके बाद व्यक्ति की सकुशल बरामदगी के लिए जांच और छापेमारी जारी है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि व्यक्ति की पहचान जक्कनपुर थाना क्षेत्र के करबिगहिया के निवासी बंटी के रूप में हुई है। नगर पुलिस अधीक्षक (कानून-व्यवस्था-1) कृष्ण मुरारी ने संवाददाताओं से कहा, ''व्यक्ति की मां के आवेदन पर कोतवाली थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के निकट दूधमंडी इलाके में हुई।'' उन्होंने बताया कि शिकायत में दो नामजद और सात-आठ अज्ञात आरोपियों पर आरोप लगाए गए हैं। मुरारी ने कहा कि पीड़ित इलाके में ठेला लगाकर 'फास्ट फूड' बेचता है और आरोपी भी इसी तरह का काम करते हैं। उन्होंने कहा, ''प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला है कि करीब 15-20 दिन पहले दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके कारण इस घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका है। नामजद दो आरोपियों में से एक को हिरासत में लिया गया है और उसकी निशानदेही पर दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।''

## राजस्थान में मानसून ने पकड़ा जोर, कई जगह भारी बारिश



**जयपुर :** राजस्थान में दक्षिण पश्चिम मानसून के जोर पकड़ने के बाद कई जगह पर भारी बारिश हुई और राज्य में बारिश का दौर अभी कुछ दिन जारी रहने का अनुमान जताया गया है। मौसम केंद्र-जयपुर के अनुसार बुधवार सुबह तक बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम और कहीं कहीं पर भारी बारिश हुई। केंद्र के मुताबिक सबसे अधिक 10 सेंटीमीटर बारिश रामगंज मंडी (कोटा) में हुई, इसके अलावा डूंगरपुर के निठुवा और चित्तौड़गढ़ की बड़ी सादड़ी में नौ-नौ सेंटीमीटर तथा अलवर के कठूमर और अजमेर में आठ-आठ सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं बुधवार सुबह से शाम तक उदयपुर के डबोक में 22.9 मिलीमीटर, अलवर में 19.8 मिलीमीटर और प्रतापगढ़ में 5.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बुधवार को दिन में सीमावर्ती जैसलमेर राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा जहां अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं गंगानगर में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य के दक्षिण-पश्चिम भागों में मानसून आगे बढ़ा है और इसके असर से राज्य के कुछ भागों में आगामी दो-तीन दिन मानसून सक्रिय रहने तथा 11 जुलाई से आगामी एक सप्ताह राज्य के अधिकांश भागों में बारिश की गतिविधियां कम होने के आसार हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3487



*ऊपर से नीचे:-* 1) व्यसन, 2) उत्तर भारत में बहनेवाली एक नदी, 3) प्रसिद्ध, 4) जल की धारा, 5) मुकरना, 6) खाली, 9) निराश, 13) चेहरे की बनावट, 14) वग़ैरह, 15) सहमत, 17) विनम्र, 18) सावधान, 20) रोकड़, 22) परवाह; शोक, 23) द्रव, 26) संकट; आफ़त, 27) एकाग्रता.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 2) सहना (दुःख), 5) अप्सरा, 7) एक जगप्रसिद्ध भारतीय गायिका, 8) सारा, 10) जेबकतरा, 11) लड़का, 12) बंटा ढार; बरबादी, 14) सहारा; भरोसा, 16) छिद्रान्वेषण, 19) घोड़े आदि की पीठ पर रखने की गद्दी, 21) काँख, 24) तपा हुआ, 25) एक मादक पेय, 26) नाश, 28) क्रांतिसूचक रंग, 29) सौभाग्यशाली.

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3453

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 4 | | | 9 | | | |
| | | 6 | 3 | | | 1 | 8 | |
| | | 3 | | 7 | 6 | 5 | | |
| | 7 | | 6 | 9 | | 4 | 3 | 1 |
| 4 | 5 | | | | | 6 | 2 | |
| | | | 8 | 2 | 4 | | | |
| | | | | 3 | | | | 7 |
| 8 | | | 2 | 6 | | | | 9 |
| 9 | | 2 | | 4 | | | | 6 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3452 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 |

# टीएमसी ने बारुईपुर कांड के विरोध में निकाली रैली, तृणमूल और भाजपा कार्यकर्ता भिड़े




❑ रैली में फेंके गए अंडे, चोर-चोर के लगे नारे

❑ पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थिति को किया नियंत्रित, दोनों पक्षों के कार्यकर्ता घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा बारुईपुर कांड के विरोध में निकाली गई रैली के दौरान टीएमसी की युवा शाखा और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थिति को नियंत्रित किया। बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद टीएमसी की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं की यह रैली दक्षिण कोलकाता के बालीगंज फाड़ी से शुरू हुई। इस रैली को भाजपा कार्यकर्ताओं ने रास्ते में कई बार रोकने की कोशिश की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'चोर-चोर' के नारे लगाए और हाजरा रोड पर रैली के मार्ग के बीच में खड़े होकर रास्ता रोकने का प्रयास किया। रैली के दौरान दोनों पक्षों के उग्र कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हुई। स्थिति पर काबू पाने के लिए सुरक्षा बलों को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। रैली के शुरुआती स्थल से प्रारंभ हुई झड़पें करीब तीन किलोमीटर लंबे पूरे मार्ग में रुक-रुककर जारी रहीं। पूर्व मुख्यमंत्री के आवास के पास हाजरा क्रॉसिंग पर, जहां रैली समाप्त हुई, हिंसा चरम पर पहुंच गई। हालात को बेकाबू होने से रोकने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस रैली के कारण दक्षिण कोलकाता के कई हिस्सों में यातायात प्रभावित हुआ।

❑ **ममता ने भाजपा पर रैली में बाधा डालने का लगाया आरोप, कहा... 'कोर्ट से रैली की मिली थी इजाजत'**

पार्टी कार्यकर्ताओं पर हुए हमले की निंदा करते हुए ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने 'सुनियोजित हिंसा' की, जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों पर हमला किया गया, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। हरीश चटर्जी स्ट्रीट स्थित अपने आवास के बाहर ममता बनर्जी उत्तेजित भीड़ को शांत कर वहां से हटाने की कोशिश करती नजर आईं। ममता ने कहा कि हमारे पास इस रैली को आयोजित करने के लिए अदालत की अनुमति थी। इसके बावजूद उन्होंने हमारी महिलाओं पर हमला किया। हमारे कई कार्यकर्ताओं के शरीर से खून बह रहा है और मुझे उन्हें बचाने के लिए अपने घर से बाहर आना पड़ा। उन्होंने सुबह मेरे आवास के पास बाइक रैली निकाली और मुझे धमकी दी। वे पूरे रैली मार्ग पर डीजे बजाते रहे और उन्होंने हमारे 'हैंड माइक' भी छीन लिए, जिसकी हमें अदालत से अनुमति मिली थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रही है।

टीएमसी प्रमुख ने भाजपा पर रैली में अराजकता फैलाने के लिए 'असामाजिक तत्वों का सहारा लेने' का आरोप लगाया और कहा कि बंगाल की जनता ऐसा बदलाव नहीं चाहती थी। ममता ने कहा कि मैं पुलिस पर आरोप लगा रही हूं कि जब अदालत का आदेश था, तब भी यह रैली को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाने में विफल रही। इसके बजाय, उन्होंने भाजपा को हमारी रैली पर हमला करने की अनुमति दी, उन्हें हमारे रैली मार्ग पर मंच स्थापित करने और डीजे बजाने की इजाजत दी। उन्होंने पुलिस के इस रवैए को अदालत की अवमानना के समान बताया। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा के सत्ता में आने के दो महीने के भीतर ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में 14 से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म, यातना और हत्या की घटनाएं हुई हैं।

❑ **तृणमूल का दावा- उसके 41 कार्यकर्ता और नेता गंभीर रूप से घायल हो गए**

ममता समर्थित तृणमूल खेमे का आरोप है कि रैली के दौरान भाजपा द्वारा की गई हिंसा में उसके 41 कार्यकर्ता और नेता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 'पार्टी में रहो या भाजपा में शामिल हो जाओ', ममता का बागी नेताओं को चेतावनी



पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के बागी नेताओं पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे या तो पार्टी में बने रहें या फिर खुलकर भाजपा में शामिल हो जाएं लेकिन मझधार में नहीं रहें। एक वीडियो संदेश में ममता ने आरोप लगाया कि तृणमूल के बागी विधायक और सांसद भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके 'विश्वासघात' से भाजपा को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर हमले तेज करने का हौसला मिला है। ममता ने कहा कि जो लोग खेल खेल रहे हैं, वे अपना फैसला कर लें। या तो तृणमूल कांग्रेस में रहकर हमारे साथ काम करें या सीधे भाजपा में शामिल हो जाएं। मझधार में नहीं रहें, वरना कुछ हाथ नहीं लगेगा।

### विरोध रैली के बीच ममता ने अपनी ही पार्टी के समर्थक को मारा थप्पड़!

पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि एक विरोध रैली खत्म होने के बाद समर्थकों के बीच से गुजरते समय उन्होंने आपा खो दिया और अपनी ही पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया। वीडियो में घटना को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। वीडियो में ममता भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पार्टी नेताओं और समर्थकों की भीड़ से घिरी हुई दिखाई दे रही हैं। वह भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश करते हुए आगे बढ़ रही हैं। इसी दौरान वह उनके पास खड़े एक व्यक्ति की ओर हाथ उठाती हुई नजर आती हैं। इसके तुरंत बाद सुरक्षा कर्मी और आसपास मौजूद लोग उस व्यक्ति को ममता बनर्जी से दूर ले जाते हैं। वहीं, ममता बनर्जी बिना रुके आगे बढ़ती हैं।

# जरूरत पड़ने पर स्कूलों को बनाया जाएगा राहत शिविर, मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर शिक्षा विभाग के निर्देश

**कोलकाता :** राज्य में मानसून के आगमन और कई जिलों में अब भी जारी भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए पश्चिम बंगाल के स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षण संस्थानों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विकास भवन की ओर से जारी इस निर्देश में प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आम लोगों की सहायता तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि मानसून के दौरान यदि किसी क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा अथवा आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय कर स्कूल भवनों और उनकी आधारभूत सुविधाओं का उपयोग अस्थायी राहत शिविर के रूप में किया जाएगा। सभी विद्यालयों को इस संबंध में आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने उन जिलों के लिए भी विशेष सावधानी बरतने को कहा है, जहां अभी भी लू और अत्यधिक गर्मी का प्रभाव बना हुआ है। निर्देश के अनुसार दोपहर के समय अथवा तेज धूप में विद्यार्थियों से किसी प्रकार का शारीरिक व्यायाम, पीटी या खेलकूद नहीं कराया जाएगा। इसके अलावा खुले मैदान या खुले आसमान के नीचे किसी भी कार्यक्रम का आयोजन करने से पहले मौसम विभाग की लू संबंधी चेतावनी और पूर्वानुमान का अवश्य पालन करना होगा।

राज्य सरकार ने 'क्या करें और क्या न करें' संबंधी विस्तृत परामर्श भी जारी किया है, ताकि विद्यालय विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक उपाय समय पर लागू कर सकें।

यह निर्देश मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नवान्न में आयोजित 'मानसून प्रिपेयर्डनेस रिव्यू मीटिंग' में लिए गए निर्णयों के आधार पर जारी किया गया है। इसे राज्य के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों, जिलाधिकारियों, प्राथमिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा से जुड़े अधिकारियों को भेजा गया है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े इन निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

### जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया 'सुनहरा पेंशन प्लान'

**कोलकाता :** जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 'सुनहरा पेंशन प्लान' लॉन्च किया है। यह एक पार्टिसिपेटिंग, नॉन-लिंक्ड, पेंशन और बचत-आधारित जीवन बीमा योजना है। इसका उद्देश्य पॉलिसीधारकों को एक सेवानिवृत्ति कोष बनाने में मदद करना है ताकि उनका भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित रहे। यह फंड मुख्य रूप से जीवन बीमा के फायदों के अलावा, कल्याण सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराता है, जो जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस की अपने पॉलिसीधारकों को बेहतर अनुभव देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस योजना की अहमियत के बारे में बताते हुए, आलोक रुंगटा, एमडी और सीईओ, जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस में, हमारा मानना है कि लोगों को सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के लिए पहले से तैयार करना आवश्यक है।

## आसनसोल नगर निगम बोर्ड भंग, अदिति चौधरी बनीं नई प्रशासक

**आसनसोल :** आसनसोल में लंबे समय से चल रहे प्रशासनिक और राजनीतिक गतिरोध के बाद राज्य के नगर एवं शहरी विकास विभाग ने आसनसोल नगर निगम बोर्ड को भंग कर दिया है। मंगलवार को जारी सरकारी आदेश में पश्चिम बंगाल नगर निगम अधिनियम, 2006 की धारा 60(1) के तहत यह कार्रवाई की गई। इसके साथ ही आईएएस अधिकारी तथा आसनसोल-दुर्गापुर विकास प्राधिकरण (एडीडीए) की मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं आसनसोल नगर निगम की पूर्व नगर आयुक्त अदिति चौधरी को नगर निगम का प्रशासक नियुक्त किया गया है। सरकारी आदेश के अनुसार, नागरिक सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसलिए प्रशासक को नगर निगम की सभी प्रशासनिक शक्तियां सौंपी गई हैं। नई निर्वाचित नगर निगम बोर्ड के कार्यभार संभालने तक अथवा अधिकतम छह माह तक वह इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी। गौरतलब है कि पिछले दो महीनों से बोर्ड की बैठक नहीं होने, संपत्ति कर माफी के निर्णय, प्रशासनिक गतिरोध तथा नागरिक सेवाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर राज्य सरकार ने नगर निगम को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी किया था। मंगलवार को मेयर बिधान उपाध्याय ने ई-मेल के माध्यम से छह पृष्ठों का जवाब भेजा, लेकिन प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सरकार उस जवाब से संतुष्ट नहीं हुई और बोर्ड भंग करने का फैसला लिया गया।

## बारुईपुर हिंसा मामले में सुजन चक्रवर्ती समेत चार माकपा नेताओं के खिलाफ शिकायत

### भाजपा ने लगाए भड़काऊ बयान औंर साजिश के आरोप

**कोलकाता :** बारुईपुर हिंसा प्रकरण को लेकर भाजपा ने माकपा के वरिष्ठ नेता सुजन चक्रवर्ती सहित चार नेताओं के खिलाफ बारुईपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आपराधिक साजिश, सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों से भड़काऊ बयान देने, अफवाह फैलाने, झूठी खबर प्रसारित करने तथा सांप्रदायिक तनाव और दंगा भड़काने की कोशिश करने के आरोप लगाए गए हैं।



मंगलवार शाम भाजपा के मंडल संख्या-4 के अध्यक्ष अरुण प्रधान ने बारुईपुर थाने में यह शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में सुजन चक्रवर्ती के अलावा लाहेक अली, मोनालिसा सिन्हा और सैफुद्दीन मंडल को भी नामजद किया गया है।

भाजपा ने आरोपित नेताओं की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि उनके कथित बयान और गतिविधियों ने क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा किया। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह शिकायत ऐसे समय दर्ज की गई है जब इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री ने बारुईपुर की घटना को लेकर कड़ी चेतावनी दी थी। अब इस मामले में पुलिस शिकायत के आधार पर आरोपों की जांच कर रही है।

## अजमेर-सियालदह और बीकानेर-कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस में बढ़ेंगे अतिरिक्त कोच

**कोलकाता, समाज्ञा**

रेलवे ने दो प्रमुख लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में स्थायी रूप से अतिरिक्त एसी और स्लीपर श्रेणी के कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार, 12987/12988 अजमेर-सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस में एक एसी फर्स्ट कम एसी-2 टियर कोच स्थायी रूप से जोड़ा जाएगा। यह व्यवस्था अजमेर से 1 अगस्त 2026 और सियालदह से 2 अगस्त 2026 से प्रभावी होगी। अतिरिक्त कोच जुड़ने के बाद इस ट्रेन में कुल कोचों की संख्या 21 से बढ़कर 22 हो जाएगी। इसी प्रकार, 12495/12496 बीकानेर-कोलकाता-बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस में एक एसी-3 टियर और एक स्लीपर श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। यह व्यवस्था बीकानेर से 6 अगस्त 2026 तथा कोलकाता से 7 अगस्त 2026 से लागू होगी। इसके बाद इस ट्रेन में कुल कोचों की संख्या 20 से बढ़कर 22 हो जाएगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, लोकप्रिय ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की प्रक्रिया यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने और अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने की नियमित पहल का हिस्सा है।

## लक्स कोजी के डानकुनी प्लांट का 11 जुलाई को होगा शिलान्यास

❑ **मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी होंगे मुख्य अतिथि**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में औद्योगिक विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए लक्स कोजी ग्रुप (लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड) अपने डानकुनी प्लांट के शिलान्यास समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह समारोह 11 जुलाई को डानकुनी स्थित प्लांट परिसर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन अशोक तोदी और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर साकेत तोदी भी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद और पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य तथा पश्चिम बंगाल सरकार के उद्योग, वाणिज्य एवं उद्यम विभाग के मंत्री तापस रॉय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। लक्स कोजी ग्रुप के अनुसार, डानकुनी प्लांट का यह शिलान्यास समारोह कंपनी की विस्तार योजनाओं में एक महत्वपूर्ण चरण है। नई इकाई के माध्यम से उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने की उम्मीद है।



मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ लक्स कोजी ग्रुप के चेयरमैन अशोक तोदी और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर साकेत तोदी।

### हावड़ा मंडल में पावर ब्लॉक के कारण ट्रेनों के समय और परिचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के बैंची और मोगरा स्टेशनों के बीच विद्युत रखरखाव कार्य के चलते 12 जुलाई और 14 जुलाई 2026 को ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक प्रतिदिन 120 मिनट के लिए रात 02:40 बजे से 04:40 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। इस रखरखाव कार्य के कारण 11 जुलाई और 13 जुलाई 2026 को कुछ लोकल ट्रेनों को रद्द किया जाएगा। इनमें वर्दवान से चलने वाली 37812 और 37786, हावड़ा से चलने वाली 37811 तथा बंडेल से चलने वाली 37781 ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा, 13186 सियालदह-जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस को 11 जुलाई और 12 जुलाई 2026 को 20 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा। रेलवे के अनुसार, ब्लॉक शुरू होने से पहले 13154 एक्सप्रेस अंतिम ट्रेन होगी, जबकि ब्लॉक समाप्त होने के बाद 13186 गंगासागर एक्सप्रेस पहली ट्रेन के रूप में संचालित की जाएगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**कोलकाता :** भारत क्षत्रिय समाज के कार्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर जी की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा में भारत क्षत्रिय समाज के चेयरमैन राजगृही सिंह, संरक्षक अरविंद सिंह, सचिव रविंद्र सिंह दीपक, प्रीतम सिंह, सुजीत सिंह, कपिल देव सिंह, रमेश सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, परबिंदर सिंह, विकास सिंह, अमरेंद्र सिंह, मंदीप सिंह, संजीत सिंह, सतेंद्र सिंह, दीनानाथ पांडे, दिनेश सिंह, राधेश्याम सिंह, प्रभु दयाल सिंह, सुशील सिंह, जय प्रकाश सिंह, शशि सिंह, सतीश राउत, अजय सिंह सहित कई गणमान्य लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक मनोज कुमार सिंह ने युवाओं से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी के आदर्शों और विचारों पर चलने का आह्वान किया। वहीं, प्रीतम सिंह ने चंद्रशेखर जी के साथ बिताए अपने अनुभवों को साझा करते हुए उनके व्यक्तित्व और कार्यों को याद किया।

## मुरलीधर सेन लेन स्थित भाजपा मुख्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृतियों पर बनेगा संग्रहालय

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने उत्तर कोलकाता स्थित मुरलीधर सेन लेन के अपने ऐतिहासिक कार्यालय को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित संग्रहालय में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। संग्रहालय में डॉ. मुखर्जी के जीवन, योगदान और राजनीतिक विरासत को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को बताया कि संग्रहालय में डॉ. मुखर्जी द्वारा उपयोग की गई अनेक वस्तुएं, उनकी कुर्सी, पुस्तकें, दुर्लभ छायाचित्र तथा उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित रखे जाएंगे। उत्तर कोलकाता के छह, मुरलीधर सेन लेन स्थित यह भवन भाजपा तथा उसके वैचारिक पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। पार्टी नेताओं के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी और आम नागरिकों को अखंड भारत की अवधारणा, स्वतंत्रता के बाद राज्य के पुनर्निर्माण तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय से जुड़े उनके योगदान के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है। यह भवन, जहां डॉ. मुखर्जी ने निवास किया और राजनीतिक गतिविधियों का संचालन किया, बंगाल के राजनीतिक इतिहास का महत्वपूर्ण साक्षी माना जाता है। वर्ष 1946 में उन्होंने इस भवन को किराये पर लिया था और बाद में यह उनकी राजनीतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन गया। वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना के बाद यही भवन कोलकाता स्थित जनसंघ के कार्यालय के रूप में कार्य करता रहा। वर्ष 1980 में भाजपा की स्थापना के बाद भी यह परिसर राज्य में जनसंघ की विरासत और भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बना रहा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी सहित भाजपा के अनेक शीर्ष नेताओं ने समय-समय पर इस भवन का दौरा किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती समारोह के दौरान संग्रहालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देबजीत सरकार ने कहा कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी तथा प्रदेश नेतृत्व इस परियोजना पर मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संग्रहालय में डॉ. मुखर्जी के जीवन और राजनीतिक यात्रा के अनेक कम चर्चित पहलुओं को भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही उन पर लिखी गई पुस्तकें, महत्वपूर्ण अभिलेखीय सामग्री तथा उनके योगदान को दर्शाने वाले दुर्लभ छायाचित्र भी प्रदर्शित किए जाएंगे। पार्टी नेताओं ने आशा व्यक्त की कि प्रस्तावित संग्रहालय वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों और नई पीढ़ी के लिए भी एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं शैक्षिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

## सीबीएम इंडिया ने सुंदरबन में 485 लोगों को सीड फंडिंग, 700 को दिया कौशल प्रशिक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीएम इंडिया ने सुंदरबन के जलवायु-संवेदनशील क्षेत्र में आजीविका सशक्तीकरण के तहत वर्ष 2025-26 में 485 लोगों को स्वरोजगार शुरू करने एवं विस्तार के लिए सीड फंडिंग तथा 700 लोगों को कृषि, कृषि-संबद्ध और गैर-कृषि व्यवसायों का कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया। यह पहल संस्था की एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना 'प्रोजेक्ट सर्वोन्नति' के तहत दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा ब्लॉक में संचालित की जा रही है। जानकारी के अनुसार, लाभार्थियों में 122 दिव्यांगजनों को आजीविका प्रशिक्षण और 73 दिव्यांगजनों को सीड फंडिंग दी गई। परियोजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए गए। सीबीएम इंडिया ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक सोनी थॉमस ने कहा कि पर्यावरणीय और आजीविका संबंधी चुनौतियों का




सामना कर रहे समुदायों के लिए आर्थिक सुरक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, प्रोजेक्ट सर्वोन्नति के माध्यम से हम टिकाऊ आय के अवसर विकसित करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षित पेयजल तक लोगों की पहुंच भी मजबूत बना रहे हैं। हमारा उद्देश्य मजबूत आजीविका और आवश्यक सेवाओं के जरिए समुदायों की दीर्घकालिक क्षमता और लचीलेपन को बढ़ाना है।

## मायापुर में अवैध टोटो-रिक्शों पर हाईकोर्ट सख्त, राज्य सरकार से दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता :** मायापुर में अवैध टोटो और रिक्शों के अनियंत्रित संचालन से आम लोगों तथा श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी चट्टोपाध्याय की खंडपीठ ने बुधवार को परिवहन विभाग के प्रधान सचिव को दो सप्ताह के भीतर शपथपत्र के साथ रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

जनहित याचिका में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तीर्थस्थल श्रीधाम मायापुर में हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। लेकिन क्षेत्र में अवैध टोटो और रिक्शों के



अनियंत्रित संचालन के कारण लगातार भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

याचिकाकर्ता का आरोप है कि बड़ी संख्या में टोटो और रिक्शे बिना वैध पंजीकरण और आवश्यक दस्तावेजों के सड़कों पर चल रहे हैं। ऐसे वाहनों से दुर्घटना होने की स्थिति में मुआवजा और बीमा संबंधी गंभीर कानूनी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

याचिका में यह भी कहा गया है कि अवैध वाहनों के कारण एंबुलेंस, दमकल और अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। याचिकाकर्ता के अनुसार, इस संबंध में 20 फरवरी को परिवहन विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्हें हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि इस विषय में पहले दायर एक जनहित याचिका पर दिए गए आदेशों के अनुपालन में राज्य सरकार ने अब तक क्या कदम उठाए हैं, इसकी जानकारी भी शपथपत्र में दी जाए। राज्य सरकार के अनुरोध पर अदालत ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है।

## हावड़ा मंडल में पावर ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के बैंची और मोगरा स्टेशनों के बीच विद्युत रखरखाव कार्य के कारण 11 जुलाई और 13 जुलाई 2026 को ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक दोनों दिन 120 मिनट के लिए रात 02:40 बजे से 04:40 बजे तक प्रभावी रहेगा। इसके चलते कुछ ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। 11 जुलाई और 13 जुलाई 2026 को कुछ लोकल ट्रेनों को रद्द किया जाएगा। रद्द की जाने वाली ट्रेनों में वर्दवान से चलने वाली 37812 और 37786, हावड़ा से चलने वाली 37811 तथा बंडेल से चलने वाली 37781 ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा, 13186 सियालदह-जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस को 11 जुलाई और 13



जुलाई 2026 को 20 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा। ब्लॉक शुरू होने से पहले 13154 एक्सप्रेस अंतिम ट्रेन के रूप में चलेगी, जबकि ब्लॉक समाप्त होने के बाद 13186 सियालदह-जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस पहली ट्रेन होगी। यह रखरखाव कार्य रेल पटरियों और विद्युत प्रणाली की सुरक्षा एवं बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

## ट्रेन में धूम्रपान किया तो 2,000 रुपये तक जुर्माना, पूर्व रेलवे ने दी सख्त चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने ट्रेनों और रेलवे परिसरों में धूम्रपान की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त रुख अपनाया है। रेलवे ने यात्रियों को चेतावनी दी है कि ट्रेन, स्टेशन या रेलवे परिसर में धूम्रपान करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे सैकड़ों यात्रियों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 2,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा दोषी यात्री को ट्रेन से उतारा जा सकता है और उसका यात्रा टिकट अथवा पास भी निरस्त किया जा सकता है। चलती ट्रेन में धूम्रपान से निकलने वाली एक छोटी-सी चिंगारी भी बड़े अग्निकांड का कारण बन सकती है। बंद कोच में आग



लगने की स्थिति में धुआं तेजी से फैलता है, जिससे यात्रियों के सुरक्षित बाहर निकलने में कठिनाई होती है और जान-माल का गंभीर नुकसान हो सकता है। इसी खतरे को देखते हुए रेलवे ने अपने पूरे क्षेत्र में धूम्रपान के खिलाफ व्यापक सुरक्षा अभियान शुरू किया है। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत ट्रेनों के शौचालयों और कोचों में अत्याधुनिक स्वचालित स्मोक डिटेक्टर लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही, रेलवे स्टेशनों और परिसरों में सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी बढ़ाई गई है तथा आरपीएफ की चौबीसों घंटे गश्त भी तेज कर दी गई है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि ट्रेन यात्रा सामूहिक जिम्मेदारी और अनुशासन पर आधारित होती है। उन्होंने कहा, ट्रेन के अंदर धूम्रपान करने वाला व्यक्ति केवल नियमों का उल्लंघन नहीं करता, बल्कि अपने साथ यात्रा कर रहे सैकड़ों यात्रियों, बच्चों और परिवारों की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। हमारी सुरक्षा व्यवस्था पहले से अधिक सुदृढ़ और सतर्क है।

# हावड़ा जिला अस्पताल के आस-पास चला बुलडोजर, 35 अवैध दुकानें तोड़ी गईं

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान इलाके में बुधवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर करीब 35 अवैध गुमटी दुकानों को ध्वस्त कर दिया। यह अभियान हावड़ा जिला अस्पताल के सामने बिप्लबी हरन घोष सरणी तथा हावड़ा नगर निगम के सामने महात्मा गांधी रोड के फुटपाथ पर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान हावड़ा थाने की बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर अतिक्रमण हटाया गया। जानकारी के अनुसार, फुटपाथ पर अवैध कब्जा करने



वालों को 29 जून को नोटिस जारी कर 8 जुलाई तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी कब्जा नहीं हटाए जाने पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर गुमटी दुकानों को ध्वस्त कर दिया।

हावड़ा सिटी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हावड़ा जिला अस्पताल के सामने वर्षों से फुटपाथ पर अवैध गुमटी दुकानें बनी हुई थीं, जिससे मरीजों, उनके परिजनों और आम राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानी होती थी। अतिक्रमण हटने के बाद अब लोग फुटपाथ का निर्बाध उपयोग कर सकेंगे और अस्पताल तक पहुंचना भी आसान होगा। प्रशासन ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद अस्पताल के सामने के फुटपाथ का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

अस्पताल की दीवारों पर विभिन्न बीमारियों से संबंधित जन-जागरूकता संदेश लिखे जाएंगे, जबकि फुटपाथ के किनारे स्थित नालियों को भी ढकने की योजना है। इसी तरह हावड़ा नगर निगम के सामने महात्मा गांधी रोड के फुटपाथ को भी अतिक्रमण मुक्त कर उसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

## तृणमूल के बैंक खातों से धन निकासी पर रोक : हाई कोर्ट में सुनवाई गुरुवार तक टली

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस पार्टी के तीन बैंक खातों से धन निकासी पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने के लिए ममता बनर्जी नीत गुट की ओर से दाखिल याचिका पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सुनवाई गुरुवार तक के लिए टाल दी। इस बीच, अदालत के निर्देश पर इन खातों से धन निकासी पर रोक लगाने वाले निजी बैंक ने बुधवार को एक रिपोर्ट जमा की। अदालत ने इन खातों में जमा राशि की जानकारी मुहैया कराने को कहा था। इस मामले में बिधाननगर पुलिस का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की निजी कठिनाई का संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने सुनवाई गुरुवार तक के लिए टाल दी। अदालत ने बुधवार को हालांकि बैंक द्वारा सीलबंद लिफाफे में जमा की गई रिपोर्ट नहीं खोली क्योंकि सुनवाई स्थगित कर दी गई थी। ममता बनर्जी नीत धड़े का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता किशोर दत्ता ने अदालत के संज्ञान में लाया कि पार्टी के कुछ और बैंक खातों से धन निकासी पर रोक लगाई है और वह अगली सुनवाई के दौरान इस संबंध में एक पूरक हलफनामा दाखिल करेंगे। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने कहा कि वह खातों से धन निकासी पर रोक मामले को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुब्रत तालुकदार को विशेष अधिकारी के तौर पर नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं, लेकिन चूंकि उनके बेटे एक प्रतिवादी के वकील हैं, इसलिए उनकी नियुक्ति पर अंतिम आदेश देने से पहले सभी पक्षकारों की राय ली जाएगी।

न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने दो जुलाई को टिप्पणी की थी कि अदालत इस पर विचार कर रहा है कि क्या याचिका पर सुनवाई के दौरान इन तीनों खातों को संयुक्त विशेष अधिकारी जो अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे द्वारा संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने दो जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान बिधाननगर पुलिस को अगली तारीख पर शिकायत और उसके आधार पर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गई जांच के दस्तावेज अदालत के समक्ष पेश करने की अनुमति दे दी थी।

### नेताजी भवन मेट्रो स्टेशन पर 9 जुलाई से एस्केलेटर बंद, यात्रियों के लिए सीढ़ियों की रहेगी सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्लू लाइन स्थित नेताजी भवन मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेजेनाइन स्तर से सरफेस गेट तक जाने वाले एस्केलेटर को बदला जाएगा। एस्केलेटर संख्या एनजे-3260 (जादूबाबू बाजार गेट की ओर जाने वाला) को 8 जुलाई 2026 से व्यावसायिक समय समाप्त होने के बाद बदलने का कार्य शुरू किया जाएगा। इस कारण यात्रियों के लिए उक्त एस्केलेटर सेवा 9 जुलाई 2026 से नए एस्केलेटर के चालू होने तक बंद रहेगी। मेट्रो प्रशासन के अनुसार, एस्केलेटर बदलने का कार्य लगभग छह सप्ताह में पूरा होने की उम्मीद है। यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर के बगल में स्थित सीढ़ियां खुली रहेंगी और यात्री उनका उपयोग कर सकेंगे।

## विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए नवान्न का बड़ा फैसला, बजट का 33 प्रतिशत तक धन जारी करने की अनुमति

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने विभिन्न विकास परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से नई वित्तीय दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नवान्न की ओर से जारी आदेश के अनुसार, निर्धारित शर्तों के तहत विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए वार्षिक बजट आवंटन का अधिकतम 33 प्रतिशत तक धन जारी किया जा सकेगा। इससे प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त परियोजनाओं का कार्य पहले की तुलना में अधिक तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद है।

जारी निर्देश के मुताबिक यह राशि अप्रैल से जुलाई 2026 तक के चार माह के वोट-ऑन-अकाउंट के तहत स्वीकृत बजटीय सीमा के भीतर ही जारी की जाएगी। हालांकि, सभी परियोजनाएं इस सुविधा के दायरे में




नहीं आएंगी।

निर्देश में कहा गया है कि जिन परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, उनके लिए संबंधित प्रशासनिक विभाग व्यय की अनुमति दे सकेंगे। वहीं, 15वें एवं 16वें वित्त आयोग की परियोजनाओं, केंद्र सरकार की सहायता प्राप्त परियोजनाओं, केंद्र प्रायोजित योजनाओं तथा केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए वित्त विभाग की बजट शाखा से पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा।

इसके अलावा रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (आरआईडीएफ) के अंतर्गत संचालित राज्य की विकास परियोजनाओं के लिए भी वार्षिक बजट का अधिकतम 33 प्रतिशत तक धन जारी करने की अनुमति दी गई है।

राज्य सरकार ने धन जारी करने के लिए कुछ शर्तें भी निर्धारित की हैं। इसके अनुसार संबंधित परियोजना का प्रशासनिक रूप से स्वीकृत होना आवश्यक होगा तथा व्यय केवल स्वीकृत बजट आवंटन की सीमा के भीतर ही किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि नई व्यवस्था से विकास कार्यों में वित्तीय बाधाएं कम होंगी और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी।

## हाई कोर्ट ने इस्कॉन को मध्याह्न भोजन सौंपने के प्रस्ताव पर सरकार से मांगा जवाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह एक हलफनामा दाखिल कर 'इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस' (इस्कॉन) को कोलकाता के स्कूलों में मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर अपना पक्ष स्पष्ट करे। बता दें कि अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई, जिसमें दावा किया गया कि प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में भोजन पकाने और परोसने का कार्य इस्कॉन को सौंपे जाने से छात्रों को अंडे जैसे पोषक आहार से वंचित होना पड़ेगा तथा स्वयं सहायता समूह की हजारों महिलाओं की आजीविका भी प्रभावित होगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तपब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली खंडपीठ, जिसमें न्यायमूर्ति पार्थ सारथी चटर्जी भी



शामिल थे, ने राज्य सरकार को इस मामले में अपना पक्ष हलफनामे के माध्यम से रखने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की जाएगी।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने अदालत में कहा कि मध्याह्न भोजन योजना का उद्देश्य छात्रों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर स्कूल छोड़ने की समस्या को रोकना है। उन्होंने कहा कि इस योजना का दूसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना भी है। यदि भोजन पकाने और वितरण का कार्य इस्कॉन को सौंप दिया जाता है, तो इन महिलाओं की आजीविका समाप्त हो जाएगी। कल्याण ने अदालत को बताया कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा में कहा था कि पीएम-पोषण योजना के तहत 1,800 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में मध्याह्न भोजन इस्कॉन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस केंद्रीय योजना को लागू करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है और इसका उद्देश्य छात्रों को पौष्टिक पका हुआ भोजन उपलब्ध कराना है।

अदालत के एक प्रश्न के उत्तर में कल्याण बनर्जी ने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है, लेकिन मुख्यमंत्री ने विधानसभा में इसकी घोषणा की है। अदालत ने कहा कि वर्ष 2010 की केंद्रीय अधिसूचना, जिसके तहत मध्याह्न भोजन योजना शुरू की गई थी, उसमें गैर-सरकारी संगठनों तथा अन्य उपयुक्त संस्थाओं की भागीदारी पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। खंडपीठ ने यह भी जानना चाहा कि क्या मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद इस दिशा में कोई औपचारिक कार्रवाई की गई है या नहीं। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता सुरजीत नाथ मित्रा ने कहा कि इस संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने दलील दी कि जनहित याचिका केवल आशंकाओं पर आधारित है और इस विषय में सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है।

## राज्य के उप-हिमालयी जिलों में कल तक बहुत भारी बारिश की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के उप-हिमालयी जिलों में अगले दो दिनों के दौरान बहुत भारी बारिश तथा इसके बाद 13 जुलाई तक भारी वर्षा होने की संभावना है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और मैदानी इलाकों के निचले हिस्सों में जलभराव की आशंका बढ़ गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार में शुक्रवार की सुबह तक भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने भारी बारिश के कारण दार्जिलिंग और कालिम्पोंग की पहाड़ियों में भूस्खलन तथा क्षेत्र के मैदानी इलाकों के निचले हिस्सों में जलभराव की आशंका को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा कि उत्तर बंगाल के जिलों में 10 से



13 जुलाई के दौरान भी भारी वर्षा होने की संभावना है। विभाग के अनुसार, दक्षिण बंगाल में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज हवाओं के साथ गरज-चमक होने की संभावना है। विभाग के अनुसार, नौ और 10 जुलाई को उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, हुगली और पूर्व बर्दवान जिलों में कुछ जगहों पर भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि आज सुबह तक कोलकाता में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## नागरिकता मिलने के बाद भी जरूरी दस्तावेजों में बाधा, हाई कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**कोलकाता :** भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के बावजूद मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनवाने में आ रही परेशानियों को लेकर दायर जनहित याचिका पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी चट्टोपाध्याय की खंडपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद केंद्र से इस संबंध में अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा।

याचिकाकर्ता स्वयंसेवी संस्था की ओर से अदालत में कहा गया कि नागरिकता अधिनियम के तहत भारतीय नागरिकता मिलने के बाद भी विदेश में जन्मे कई नए नागरिक विभिन्न सरकारी दस्तावेजों के लिए



आवेदन करते समय तकनीकी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। आरोप है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में जन्मस्थान के विकल्प के रूप में केवल भारत के राज्यों के नाम उपलब्ध हैं। ऐसे में विदेश में जन्म लेने वाले नए भारतीय नागरिक अपने जन्मस्थान की सही जानकारी दर्ज नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनका आवेदन पूरा नहीं हो पाता।

सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि क्या इस समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों को ऑफलाइन माध्यम से दी गई थी। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया गया था, लेकिन स्पष्ट दिशा-निर्देश के अभाव में समस्या का समाधान नहीं हो सका।

मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को अगली सुनवाई में समस्या से संबंधित दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही केंद्र सरकार को भी इस मुद्दे पर अपना स्पष्ट रुख पेश करने को कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

## जनहित मुद्दों को लेकर कांग्रेस का नगर पालिका में डिप्यूटेशन



**हुगली :** रिषड़ा टाउन कांग्रेस की ओर से आज नगर पालिका में जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर एक डिप्यूटेशन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व टाउन कांग्रेस अध्यक्ष परवेज अंजुम, सुरेश तिवारी सहित अन्य नेताओं ने किया। कांग्रेस नेताओं ने शहर की जर्जर ड्रेनेज व्यवस्था, जलजमाव की समस्या, सफाई कर्मियों के वेतन वृद्धि, खुले में कूड़ा जलाने पर रोक तथा सेवा सदन अस्पताल को पुनः चालू करने की मांग उठाई। इन समस्याओं के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की।

### बेलूड़ के बहुमंजिली भवन में लगी भीषण आग

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के बेलूड़ थाना अंतर्गत वोटबागान के काशी मंडल लेन में बुधवार की सुबह एक तीन मंजिला भवन में भयावह आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घनी आबादी वाले इलाके में लगी आग से चारों ओर धुआं फैल गया, जिससे स्थानीय लोगों में भय का वातावरण बन गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नौ नंबर काशी मंडल लेन स्थित भवन के स्वामी शेख कलीमुद्दीन हैं। भवन की दूसरी मंजिल के एक कमरे में अचानक आग लग गई। कमरे में फर्नीचर के साथ बड़ी मात्रा में प्लास्टिक सामग्री रखी होने के कारण आग तेजी से फैल गई। सूचना पाकर बेलूड़ थाना पुलिस तथा दमकल विभाग के दो वाहन मौके पर पहुंचे। संकरी गलियों के कारण प्रारंभ में आग बुझाने में कठिनाई हुई, लेकिन दमकल कर्मियों ने लगभग दो घंटे के प्रयास के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे में लॉरी चालक की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर-बालेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-16 पर मंगलवार की देर रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना में एक लॉरी चालक की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार, खड़गपुर की ओर जा रही मालवाहक लॉरी अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खड़ी एक अन्य लोरी के पीछे जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि दुर्घटनाग्रस्त लॉरी का चालक वाहन से छिटक कर सड़क पर जा गिरा। इसी दौरान पीछे से आ रही एक अन्य मालवाहक लॉरी चालक के ऊपर से गुजर गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा खड़गपुर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाकर राजमार्ग पर यातायात सामान्य कराया गया।

## पर्णश्री में तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, इलाके में फैली सनसनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के पर्णश्री थाना अंतर्गत यूनिक पार्क देबालय के एक तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय विद्यासागर अस्पताल भेज दिया। शुरुआती जांच में मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मृतक इलाके का रहने वाला नहीं था। इससे यह मामला और भी रहस्यमय हो गया है। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि व्यक्ति की



मौत कैसे हुई और उसका शव तालाब तक कैसे पहुंचा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों और पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल, पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## 10 जूट मिलों के खुलने की घोषणा से श्रमिकों में खुशी की लहर

**हुगली :** कई महीनों से बंद पड़ी हुगली जिले की गोंदलपाड़ा और इंडिया जूट मिल समेत कई जूट मिलों को 10 जुलाई से फिर से खोले जाने की घोषणा के बाद श्रमिकों में खुशी की लहर है। राज्य सरकार ने आधिकारिक रूप से बंद जूट मिलों को चरणबद्ध तरीके से चालू करने का फैसला लिया है। हालांकि, श्रमिकों का कहना है कि केवल मिल खोलना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे वर्ष नियमित काम और मजदूरी में वृद्धि की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उनका आरोप है कि पूर्ववर्ती सरकार के समय भी मिलें खुलती थीं, लेकिन कुछ समय बाद फिर बंद हो जाती थीं, जिससे हजारों परिवार आर्थिक संकट में फंस जाते थे। श्रमिकों ने श्रम मंत्री अर्जुन सिंह और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से



भविष्य में मिलों के नियमित संचालन की ठोस व्यवस्था करने की अपील की है।

राज्य मंत्री भास्कर भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य सरकार जूट उद्योग को विशेष महत्व दे रही है। हुगली जिले की चार जूट मिलों को खोला जा रहा है, जिससे हजारों श्रमिकों के चेहरों पर मुस्कान लौटेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने मिल मालिकों से मिलों को पुनः चालू करने का आग्रह किया है और उन्हें हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया है। साथ ही, जूट मिलों की श्रमिक बस्तियों की बदहाल स्थिति में सुधार के लिए भी मालिक पक्ष से पहल करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों और मिल मालिकों के सहयोग से उद्योग को फिर से पटरी पर लाना चाहती है।

विक्टोरिया जूट मिल के फिनिशिंग विभाग के श्रमिक अजय दास ने कहा कि वे स्थानीय विधायक, श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री से पूरे वर्ष काम की व्यवस्था करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके परिवार की आजीविका, बच्चों की पढ़ाई और इलाज-सब कुछ उनकी मजदूरी पर निर्भर है। वर्तमान में उन्हें प्रतिदिन 623 रुपये मजदूरी मिलती है, लेकिन मिल बंद होने से उनकी आय का स्रोत समाप्त हो गया है। उन्होंने बढ़ती महंगाई के अनुरूप मजदूरी बढ़ाने की भी मांग की।

गोंदलपाड़ा जूट मिल के सिलाई विभाग के श्रमिक प्रमोद मंडल ने कहा कि यह मिल अक्सर वर्ष में कई महीनों तक बंद रहती है। नई सरकार से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। उनका कहना है कि यदि मिल नियमित रूप से चलेगी, तो उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने बताया कि श्रमिक बस्तियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि बेटियों की शादी में भी परेशानी होती है और बैंकों से ऋण तक नहीं मिल पाता। उन्होंने सरकार से अपील की कि मिल खुलने पर सभी श्रमिकों को समान रूप से काम मिले और किसी के साथ कोई भेदभाव न किया जाए।

श्रमिक अशोक चौबे ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले गोंदलपाड़ा जूट मिल बंद हो गई थी और अब इसे फिर से खोलने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि अब देखना होगा कि मिल पूरी क्षमता से खुलेगी या आंशिक रूप से, क्योंकि अंतिम फैसला मिल प्रबंधन पर निर्भर करेगा। यदि सरकार की पहल से पहले की तरह नियमित संचालन शुरू होता है, तो यह श्रमिकों के लिए बड़ी राहत होगी।

वहीं, गोंदलपाड़ा जूट मिल के एक प्रबंधक शुभेंदु पाल ने बताया कि फिलहाल मिल में रखरखाव (मेंटेनेंस) का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई आधिकारिक आदेश या नया उत्पादन ऑर्डर नहीं मिला है। इसलिए मिल कब से पूरी तरह शुरू होगी, इस बारे में फिलहाल कुछ भी कहना संभव नहीं है।

# सोदपुर हत्याकांड: पहली पत्नी की बात छिपाकर की दूसरी शादी, विवाद बढ़ने पर पत्नी की हत्या

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना के सोदपुर में पत्नी की चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले में जांच के दौरान कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान गीता दास (33) के रूप में हुई है। हत्या के आरोपित का नाम सुभाष दत्त बताया गया है।

मृतका के परिजनों का आरोप है कि आरोपी पति सुभाष लंबे समय से गीता के साथ मारपीट करता था और उसे जान से मारने तथा खुद आत्महत्या करने की धमकी देता था। इस संबंध में घोला थाने में पहले भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन समय रहते पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि यदि शिकायत पर समय रहते कार्रवाई होती, तो इस दर्दनाक घटना को टाला जा सकता था।

जानकारी के अनुसार, लगभग सात वर्ष



पहले गीता और सुभाष की मुलाकात हुई थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। करीब छह वर्ष पहले दोनों ने परिवार की इच्छा के विरुद्ध विवाह कर लिया। विवाह के बाद गीता को पता चला कि सुभाष की पहली पत्नी पहले से मौजूद है और उसने यह बात विवाह से पहले छिपाई थी। इसके बाद से दोनों के वैवाहिक जीवन में लगातार विवाद शुरू हो गया।

परिजनों के मुताबिक, सुभाष आए दिन गीता के साथ मारपीट करता था। कुछ समय तक दोनों अलग रहे, बाद में साथ रहने लगे, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। करीब डेढ़ वर्ष पहले गीता अपने मायके लौट आई थी। इसके बाद भी सुभाष लगातार उसे जान से मारने की धमकी देता रहा। इस संबंध में घोला थाने में लिखित शिकायत भी दी गई थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया।

मृतका गीता सोदपुर के नाटागढ़ महेंद्रनगर की रहने वाली थी और काशीपुर स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत थी। बुधवार सुबह वह रोज की तरह साइकिल से सोदपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या चार स्थित फ्यूचर गेट के पास पहुंची। साइकिल स्टैंड में साइकिल खड़ी कर जैसे ही स्टेशन की ओर पैदल बढ़ी, तभी सुभाष चाकू लेकर वहां पहुंच गया और उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

गीता की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग उसे बचाने दौड़े, लेकिन आरोपी ने उन्हें भी चाकू दिखाकर धमकाया। इसके बाद उसने स्वयं अपने गले पर भी चाकू से वार कर लिया और गंभीर रूप से घायल अवस्था में पत्नी के पास ही गिर पड़ा।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल सागर दत्त मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गीता को मृत घोषित कर दिया। वहीं आरोपी सुभाष का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तथा पहले दर्ज शिकायतों और पारिवारिक विवाद के पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## भाजपा विधायक सुब्रत मैती का व्हाट्सऐप हैक, परिचितों से मांगे गए रुपये, साइबर थाने में शिकायत

**कोलकाता :** भाजपा के नेताओं और जनप्रतिनिधियों को लगातार साइबर ठगी का निशाना बनाए जाने की घटनाओं के बीच अब पूर्व मेदिनीपुर जिले के पूर्व पांशकुड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुब्रत मैती का मोबाइल और व्हाट्सऐप अकाउंट हैक कर लिया गया। आरोप है कि हैकरों ने विधायक के नाम से उनके परिचितों को संदेश भेजकर रुपये मांगे। कुछ लोगों ने संदेश को वास्तविक मानकर पैसे भी भेज दिए।

विधायक सुब्रत मैती ने स्वयं सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को सतर्क करते हुए घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे से उनके परिचितों के फोन आने





शुरू हुए। तभी उन्हें पता चला कि उनके व्हाट्सऐप अकाउंट से विभिन्न लोगों को रुपये मांगने वाले संदेश भेजे जा रहे हैं।

आरोप है कि ठगों ने हिंदी भाषा में अंग्रेजी लिपि का इस्तेमाल करते हुए संदेश भेजे और किसी से तीन हजार तो किसी से 30 हजार रुपये तक की मांग की। विधायक के व्यावसायिक कर्मचारियों को भी ऐसे संदेश भेजे गए। कई लोगों को संदेह होने पर उन्होंने विधायक से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। शिकायत के अनुसार, ठग व्हाट्सऐप पर स्कैनर और मोबाइल नंबर भेजकर ऑनलाइन भुगतान करने के लिए कह रहे थे।

घटना के बाद बुधवार शाम विधायक सुब्रत मैती ने निमतौड़ी स्थित जिला साइबर क्राइम थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले में बिहार निवासी कुंदन कुमार नामक व्यक्ति की संलिप्तता की आशंका है और उसकी भूमिका की जांच की जा रही है।

# कई रोगों की जननी है मधुमेह

सुनीता गाबा



मधुमेह स्वयं में तो एक रोग है ही, अन्य रोगों की जननी भी है। यह आज समाज में अपने पैर इतने पसार चुका है कि इस पर काबू पाना मुश्किल सा होता जा रहा है। इस महामारी से ग्रस्त लोगों की संख्या प्रति वर्ष बढ़ रही है। इससे बचाव के लिए लोगों का जागरूक होना अति आवश्यक है। अगर लोग इससे लड़ने के तरीके जान जाएं तो इस जंग को जीतना आसान हो जाएगा।

### कुछ फंडे मधुमेह से लड़ने के:

हमेशा इस मंत्रा को ध्यान में रखें कि नो फास्ट, नो फीस्ट। इसका अर्थ है न तो भूखे रहो, न जरूरत से अधिक खाओ। 2-3 घंटे के अंतराल में थोड़ा सा खाते रहे।

❋ खाने में कैलोरी और सोडियम की मात्रा सीमित रखें। मिठाई, चाकलेट, साफ्ट ड्रिंक्स, क्रीम, मक्खन, फैटी मीट न खाएं। बस ताजे फल, सब्जियां व अंकुरित दालें अपने दैनिक आहार में लें।

❋ प्रतिदिन प्रातः लम्बी सैर करें। 35 से 45 मिनट तक की सैर करें। सैर करने के लिए समय की कमी हो तो प्रतिदिन 15-20 मिनट नियमित व्यायाम करें।

❋ अल्कोहल, चाय, काफी से परहेज़ रखें क्योंकि इन सब चीज़ों से हार्ट पर प्रभाव पड़ता है। एंटी ऑक्टीडेंट्स हेतु बादाम, अखरोट का भी सेवन करें।

30-35 वर्ष की आयु के बाद अपने रूटीन चेक आप नियमित कराते रहें ताकि आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रह सकें।

❋ कमर की चैड़ाई और ब्लड प्रेशर का स्तर सामान्य से ऊपर जाने लगे तो यह आपके लिये खतरे की घंटी है।

❋ हंसने को अपनी दिनचर्या में ढाल लें क्योंकि हंसने से इंडोरफिन हारमोन निकलते हैं जो स्वास्थ्य हेतु लाभप्रद है।

❋ अपनी टोटल कैलोरी में फैट की मात्रा 25 से 35 प्रतिशत से अधिक न होने दें।

❋ डायबिटिज वाले रोगियों को हार्ट की बीमारी का खतरा तो होता ही है, उसके अलावा अन्य अंगों पर भी इसका पड़ता है जैसे किडनी पर और कानों पर भी। अगर हम प्रारंभ से ही सही टेस्ट कराकर समस्या को नियंत्रित कर लें तो हम किडनी फेल होने से बचा सकते हैं।

### किडनी पड़ जाती है कमजोर:

विशेषज्ञों के अनुसार अगर किडनी की समस्या प्रारंभ हो जाए तो इरेथ्रोपायटिन हार्मोन बनना बंद हो जाता है जो शरीर में रेड ब्लड सेल्स बनाने में मदद करता है। रेड ब्लड सेल्स न बनने से हीमोग्लोबिन की समस्या हो जाती है। अगर प्रारंभ में ही इलाज हो जाए तो किडनी फेलियर होने के खतरे को रोका जा सकता है। डायबिटिज के प्रारंभ से किडनी की कार्यक्षमता कम हो जाती है और इरेथ्रोपायटिन हार्मोन के उत्पादन में भी कमी आ जाती है।

### ध्यान रखें

❋ डायबिटिज के रोगियों को समय-समय पर ब्लड में हीमोग्लोबिन की जांच करवाते रहना चाहिये और यूरिन टेस्ट भी कराते रहें।

❋ अगर ब्लड में हीमोग्लोबिन कम हो और कोई वजह भी समझ न आए तो यूरिन कल्चर करवाएं। इंफेक्शन का पता लगने पर तुरंत इलाज प्रारंभ कर दें।

❋ अगर फिर भी लाभ न हो तो स्पेशलिस्ट से मिलकर अन्य जांच करवाएं ताकि किडनी के साइज और स्ट्रक्चर में अगर कोई बदलाव हो तो तुरंत इलाज प्रारंभ हो सकें। वैसे अब कुछ दवाइयों के सेवन से इरेथ्रोपायटिन की कमी को दूर किया जा सकता है।

### कानों पर भी पड़ता है प्रभाव:

डब्ल्यू एच ओ की स्टडी के मुताबिक डायबिटिज वाले रोगियों का हियरिंग लास अन्य लोगों के मुकाबले में 30 प्रतिशत अधिक होता है। डायबिटिज होते ही कानों पर प्रभाव नहीं पड़ता। 4 से 5 वर्ष तक अगर डायबिटिज कंट्रोल में न रहे तो कानों पर प्रभाव पड़ता है। हियरिंग लॉस प्रारंभ तो जल्दी हो जाता है पर असर 4-5 वर्ष बाद ही पता चलता है। धूम्रपान भी करते हैं तो खतरा अधिक बढ़ जाता है। बहुत सारे लोग इस बात से अंजान रहते हैं।

स्पेशलिस्ट के अनुसार डायबिटिज के कारण कान के अंदर के भाग काक्लिमा में ब्लड सप्लाई करने वाली नर्व प्रभावित हो जाती है जिससे ब्लड सप्लाई पूरी न मिलने के कारण हियरिंग लास प्रारंभ हो जाता है। अगर इलाज समय पर न किया जाए तो उम्र के साथ यह समस्या भी बढ़ जाती है। इसके अतिरिक्त हार्ट अटैक होता है तो रोगी को पता ही नहीं चलता। ऐसे में साइलेंट हार्ट अटैक रोगी की जान के लिए खतरनाक साबित होता है। (स्वा.द.)

## सेहत की खबरें

अशोक गुप्त

### गृह कार्य से वजन नहीं घटता

ब्रिटेन के शोधकर्ताओं ने एक शोध के पश्चात् पाया है कि गृहकार्य जैसे घर की सफाई आदि से वज़न कम होने में कोई सहायता नहीं मिलती। यहां तक कि वैक्यूम क्लीनर चलाने, फर्श पर पोंछा लगाने और खिड़कियां धोने से भी स्वास्थ्य को कोई लाभ नहीं होता। इसके स्थान पर तेज़ गति से सैर अधिक प्रभावशाली पाई जाती है।

पिछले कुछ वर्षो से कुछ स्वास्थ्य विशेषज्ञ नियमित व्यायाम के स्थान पर गृह कार्य की ओर झुकने लगे थे क्योंकि गृहकार्य को आसानी से हमारे दैनंदिन रूटीन का हिस्सा बनाया जा सकता है। ब्रिस्टल विश्व विद्यालय के शोधकर्ता डा. डी.ए. लालर द्वारा किए गए इस शोध के अनुसार सप्ताह में कम से कम तीन बार तेज़ चलने जैसे व्यायाम करना अधिक लाभदायक हैं ।

### अवसाद के लिए बेहतर है मनोचिकित्सा

अवसाद का इलाज मनोचिकित्सा द्वारा किया जाता है और दवाइयों द्वारा भी। विश्व में अरबों रूपयें की एंटीडिप्रेसेन्ट दवाइयां हर वर्ष बिकती हैं। अमेरिकन साइकेट्रिक एसोसिएशन में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार मनोचिकित्सा दवाइयों से अधिक प्रभावशाली है। यदि लम्बे समय तक इलाज किया जाना हो तो मनोचिकित्सा लेना दवाइयों से सस्ता पड़ता है और इसके कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होते। वैसे भारत में हो सकता है यह सत्य न हो क्योंकि यहां मनोचिकित्सकों की दरें काफी अधिक हैं। इस रिपोर्ट से दवा कम्पनियों को काफी आघात पहुँच सकता है।

### बेहतर नींद हेतु बच्चे को रोने दें

आमतौर पर नव-प्रसूता माताओं की नींद पूरी नहीं हो पाती और कई बार तो वे इसके कारण अवसादग्रस्त हो जाती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि यदि वे अपने बच्चों को रोते ही चुप न करवायें और उन्हें कुछ देर तक रोने दें तो बच्चे थक कर सो जायेंगे और माताएं भी बेहतर नींद ले सकेंगी। इस शोध हेतु शोधकर्ताओं ने 6 से 12 मास के बच्चों की माताओं को चुना जो नींद पूरी न होने की समस्या से ग्रस्त थी। उन्हें प्रशिक्षण दिया गया कि वे बच्चों को थोड़ी देर रो लेने के बाद चुप करायें जिससे धीरे धीरे वे स्वयं ही थककर सोना सीख जायें। डाक्टरों के अनुसार लगभग 50 प्रतिशत मां-बाप की नींद पूरी नहीं हो पाती और 15 प्रतिशत माताएं अवसादग्रस्त हो जाती हैं जिससे उनके पारिवारिक जीवन पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। बहुत संभव है कि यह प्रशिक्षण मां और बच्चे दोनों की नींद के लिए लाभप्रद हो।

### डाइटिंग से हो सकती है बदबूदार सांस

वैसे तो आकर्षक देहयष्टि पाने का सबसे आसान और एकमात्रा ढंग डाइटिंग है परन्तु डाइटिंग से कभी कभी बदबूदार सांस की समस्या भी पैदा हो जाती हैं। बम्बई की दंत रोग विशेषज्ञ डा. नूतन ठक्कर के अनुसार भोजन हमारे मुंह में लार का उत्पादन करता है जो हमें भोजन के पाचन में सहायता देती है और हमारे मुंह को गीला रखती है जिससे बदबूदार प्लेक कीटाणु और सल्फर के यौगिक घुलते रहते हैं। जब हम डाइटिंग करते हैं तो लार का उत्पादन कम होता है और मुंह सूखने लगता है जिससे बदबू पैदा करने वाले कीटाणुओं की संख्या तेजी से बढ़ जाती है तो काफी पानी पीते रहें ताकि आपका मुंह गीला रहे और लार के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलता रहे।

### युवा बनाए रखती है लम्बी सैर

चुस्ती और स्फूर्ति बनाए रखने और उम्र बढ़ने के बावजूद युवा अनुभव करने के लिए सबसे अच्छा उपाय है नियमित लम्बी सैर करना। लम्बी सैर शरीर के क्षरण की प्रक्रिया को धीमा कर देती है और हमारे हृदय, फेफड़ों और हड्डियों को शक्ति देती है। 45 मिनट की सैर अपने आप में एक सम्पूर्ण व्यायाम है। सैर का सम्पूर्ण लाभ तभी है यदि इसे तेज गति से किया जाए क्योंकि तभी हमारी मांसपेशियों को शक्ति मिल सकती है। केवल टहलने से मांसपेशियों को लाभ नहीं होता इसलिए यदि आप उम्र बढ़ने के बाद युवा अनुभव करना चाहते हैं तो अपने खानपान का ध्यान रखें और सप्ताह में 5 बार कम से कम 45 मिनट की सैर अवश्य करें। (स्वा.द.)

# स्वास्थ्य का दर्पण हैं नाखून



जिस तरह चेहरे की सुंदरता को बढ़ाने में खूबसूरत होंठों का महत्त्व अधिक होता है, ठीक उसी तरह हाथों को सुंदर बनाने में आकर्षक नाखून काफी सहायक होते हैं।

चूंकि नाखून पारदर्शी होते हैं, उनका अपना कोई रंग नहीं होता, इसलिए उन्हें 'स्वास्थ्य का दर्पण' कहा जाता है और उनसे शरीर की आन्तरिक स्थिति व बीमारियों का भी पता लगाया जाता है।

कभी-कभी देखा जाता है कि नाखून टूटने लगते हैं, उनमें दरारें पड़ जाती हैं या फिर वे खुरदरे हो जाते हैं। ऐसा शरीर में विटामिनों व कैल्शियम की कमी होने पर होता है।

नाखून टूटने के पीछे मुख्य कारण साबुन व पानी, नेल पालिश तथा कास्टिक तत्वों का अत्यधिक प्रयोग भी है इसलिए जैतून के तेल में फ्लोरिक अम्ल अथवा आर्निका मिलाकर मालिश करें और नाखूनों पर मैनीक्योर आदि कराते रहें क्योंकि नाखून टूटने पर, पुनः पूरी तरह बढ़ने में 100 से 160 दिन तक का समय लेते हैं।

नाखूनों की देखभाल और उन्हें अधिक सुंदर बनाने के लिए यदि निम्न बातों पर ध्यान दिया जाए तो हर कोई उनकी तारीफ करेगा।

✒ नाखूनों की अत्यधिक धूल मिट्टी स्ट्रांग डिटर्जेन्ट आदि से रक्षा करें।

सप्ताह में एक बार गर्म पानी में सोप फ्री क्लीन्जर डालकर उसमें कुछ देर हाथ डालकर मसाज करें।

✒ नेल पालिश लगाने से पूर्व 'बेस कोट' लगायें। इससे जहां नेल पालिश अच्छी लगेगी, वहीं नाखून सुरक्षित व मजबूत भी होंगे।

✒ स्नान करते समय नाखूनों के आस-पास से सुतने निकाल दें और क्रीम लगाकर धीरे-धीरे मालिश करें।

✒ नाखूनों में मैल न भरने दें और सफाई के लिए 'नेल ब्रश' का प्रयोग करें।

✒ गमले अथवा बगीचे की सफाई के समय दस्ताने पहनें जिससे मिट्टी आदि नाखूनों में न भरे।

✒ समय-समय पर नींबू के छिलके में जैतून या बादाम का तेल डालकर नाखूनों पर लगाएं।

✒ नाखूनों को सुंदर बनाने के लिए दूध का स्नान और चमक बढ़ाने के लिए जैतून के तेल से मालिश करें।

✒ कभी एक नेल पालिश के ऊपर दूसरी न लगाएं।

✒ नाखून खुरचने अथवा चबाने की आदत न पालें।

✒ नाखून फटने पर अथवा चिकना बनाने हेतु 'नेल वार्निश' लगाएं।

ध्यान रहे नाखून हाथों का ही नहीं, वरन् स्वास्थ्य का भी दर्पण होते हैं इसलिए उनकी सही व उचित देखभाल करनी चाहिए। इनमें अचानक कोई विकार होने पर तुरन्त चिकित्सकों को दिखाएं। (स्वा.द.)

# बरसात में जरूरी है बचाव

सीतेश कुमार द्विवेदी



वर्षाकाल के आगमन के साथ आसमान बादलों से भर जाता है और सूर्य बादलों की ओट में छिप जाता है। बारिश के कारण नालियां भर जाती हैं और जहां वहां गंदगी फैल जाती है। वातावरण में बैक्टीरिया, वायरस, मच्छर कीट पतंगे आदि बढ़ जाते हैं। पानी गंदा हो जाता है, फल सब्जियां खराब होने लगते हैं।

ये सब मनुष्य को नाना प्रकार से बीमार करते हैं। पीलिया, हैजा, खुजली, फोड़े-फुंसियां, पेचिश, अतिसार, डायरिया, सर्दी, खांसी, जुकाम, उल्टी, टाइफाइड, फीवर, मलेरिया निमोनिया आदि जैसी बीमारियां होने लगती हैं।

इस मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी के कारण लोग जल्द बीमारी की चपेट में आ जाते हैं इसीलिए बरसात आते ही डाक्टरों के पास एवं अस्पतालों में मरीज बढ़ जाते हैं। ऐसे मौसम में कई बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। सावधानी रख इनसे बचाव ही बेहतर उपाय होता है। बरसात का मौसम आते ही सर्दी, जुकाम, खांसी जैसी साधारण बीमारी भी कभी-कभी बड़ा रूप ले लेती है। अतएव बच्चे बड़े सभी को ऐसे समय में सावधान रहना चाहिए।

प्रदूषित हो जाता है पानी

वर्षाकाल में पानी प्रदूषित हो जाता है। अधिकतर बीमारियां इसी के कारण फैलती हैं। पेट में दर्द, मरोड़, उल्टी, लूज मोशन, पीलिया, टाइफाइड, फीवर की शिकायत बढ़ जाती है। त्वचा गीली रहने से फोड़े फुंसी, खुजली आदि की शिकायत होती है। त्वचा संक्रमित होने लगती है। बरसात के जमा पानी में मच्छर को पनपने का अवसर मिलता है। उनकी आबादी व प्रकोप बढ़ जाता है। ऐसे में पानी जमा होने न दें। यदि बाहर पानी जमा है तो उसमें मिट्टी का तेल एवं कीटनाशक डालें अन्यथा मलेरिया फैलने की संभावना बढ़ जाती है।


सक्रिय रहें, ताजा, सादा भोजन करें

इस मौसम में शारीरिक रुप से सक्रिय रहें। हल्का-फुल्का व्यायाम करें । इससे ऊर्जावान बने रहेंगे एवं जोड़ों में दर्द की शिकायत नहीं होगी। बाहर खुले में रखे खाद्य पदार्थ बीमारियों का घर होते हैं अतः बाहरी वस्तु का सेवन न करें। सड़े गले फलों से बचें ।

गर्म, ताजा, सादा भोजन सीमित मात्रा में करें। तली भुनी खट्टी, चटपटी चीजों से बचें। तेल वाली चीजें कम खाएं। पानी सदैव साफ हो। त्वचा सूखी रखें। ज्यादा पानी में भीगने से बचें। सब्जी एवं फल पर्याप्त धोकर उपयोग करें। बरसात की बीमारियों से बचें। कोई परेशानी हो तो डॉक्टर से तत्काल मिलें। बीमार होने से बचें। (स्वा.द.)

# वर्षा ऋतु में बिजली से बचाव कैसे करें?

ज्योति कुमारी 'नीलम'



प्रचण्ड ग्रीष्म के बाद वर्षा राहत देती है, न सिर्फ मनुष्य वरन् पशु-पक्षी- वनस्पति जगत को भी। चतुर्दिक हरीतिमा नजर आती है लेकिन यह ऋतु अनेक प्राकृतिक आपदाएं-दुर्घटनाएं भी लेकर आती हैं। बिजली के करंट से होने वाली क्षति इनमें से प्रमुख है। वर्षा ऋतु में बिजली से होती दुर्घटनाओं को दो भागों में रखकर देखा जा सकता है-घर के अंदर-घर के बाहर।

घरों में प्रयोग होने वाली विद्युत तारों का इन्स-लेशन पी. वी. सी. का होता है। परिपथ की ओव-रलोडिंग के कारण तारों में क्षमता से अधिक विद्युत धारा प्रवाहित होती हैं। फलतः ऊष्मा भी अधिक उत्पन्न होती है। इससे पुरानी होती गई वायरिंग का इन्सुलेशन कमजोर होकर जगह-चटक जाता है। उसमें दरारें पड़ जाती है। इन दरारों से होकर वाता-वरण में मौजूद नमी तार के संपर्क में आकर लीकेज को जन्म देने लगती है। इससे दीवारों, लोहे की चैखट, दरवाजों, नलों की टूटियों आदि में करंट उतरने का खतरा बढ़ जाता है।

इसके अलावा घरों की वायरिंग में 'आर्थिंग' की भूमिका अति अहम् होती है। अर्थ के सही होने पर किसी भी प्रकार की लीकेज से उत्पन्न खतरों से यह हमें सुरक्षा प्रदान करती है, अतः वर्षा आरंभ होने से पूर्व या बाद में ही सही किसी इलेक्ट्रीशियन से वायरिंग की जांच करा लेनी चाहिए। समय-समय पर 'अर्थ' की जांच भी महत्त्वपूर्ण होती है।

इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि मेन स्विच, स्विच बोर्ड व डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड आदि ऐसे स्थान पर लगे हों जहां वे वर्षा से न भीगें। यदि किसी कारण ये पानी से गीले हो जाएं या इनमें नमी आ जाए तो इन्हें किसी भी हालत में स्पर्श न करें। वर्षा के समय खुले में विद्युत उपकरणों का प्रयोग भी नहीं करना चाहिए। विद्युत प्रवाह क्षेत्र से दूर रहना चाहिए। हवाई करंट से आघात का खतरा रहता है।


नंगे पैर या गीले हाथ से कभी भी स्विच आन-आफ न करें। वर्षा ऋतु में समाचार पत्रों में 'टूटी तार से करंट लगने से तीन मरे', 'तालाब में भैंसें करंट लगने से मरी', 'पेड़ के नीचे खड़े व्यक्ति की बिजली गिरने से मृत्यु जैसी ख़बरें बहुतायत से छपती हैं। वर्षा होने के समय या उसके बाद भी बिजली के खम्बों, धातु निर्मित ढांचों, तार-बाड़ इत्यादि न छुएं। बिजली का तार गिरा हो तो निकट के पानी का स्पर्श न करें।

तार को किसी भी चीज से छूने की हरकत न करें। तार हटाना जरूरी होने पर इसके लिए कुचालक वस्तु का ही प्रयोग करें। बिजली गिरने या वज्रपात के खतरे से बचने के लिए, आंधी तूफान, बादलों की गड़गड़ाहट, बिजली की चमक-कड़क की दशा में खुले स्थान पर वृक्ष के नीचे न रहें।

बात बिजली से क्षति की हो रही है तो ऋतु विशेष से तनिक अलग हटकर नित्य की सुरक्षा-सावधानी के लिए एक बात और। बेडरूम में लगे विद्युत उपकरणों को सोने से पूर्व न सिर्फ बंद करें बल्कि उनके प्लग भी साकेट से निकाल दें। प्लग, इलेक्ट्रिक स्विच या ऐसे उपकरण जिनमें विद्युत प्रवाहित हो रही है, की दूरी पलंग से कम से कम पांच फिट अवश्य होनी चाहिए। वैज्ञानिक खोजों से पता चला है कि इन विद्युत चुंबकीय तरंगों से मानसिक तनाव पैदा होता है। पीठ-कमर व घुटनों में दर्द होता है। माइग्रेन, सिरदर्द के अलावा शरीर में अकड़न अनिद्रा, अधिक नींद, चर्मरोग या विविध प्रकार की एलर्जी से जूझना पड़ सकता है।

इसी तरह मोबाइल फोन के संदर्भ में भी सावधानी बरतें। मोबाइल फोन कान के पास लाने पर मस्तिष्क की विद्युत तरंगें लाखों गुना बढ़ जाती हैं। फोन को हृदय के पास न रखें। कार में इसका उपयोग हैण्ड्स फ्री सेट के जरिए करें। शेष समय में इयर फोन एवं माइक्रोफोन का उपयोग करें। ध्यान रखें कि माध्यम कोई भी उपकरण हो, विद्युत चुम्बकीय तरंगे ऋणात्मक ऊर्जा उत्पन्न करती हैं। जहां तक भी संभव हो, अपना सानिध्य कम रखें। (स्वा.द.)

# ऐसे करें मसालों से उपचार



अनूप मिश्रा

प्रकृति ने हमें अनेक अमूल्य जड़ी-बूटियां एवं मसाले उत्तम स्वास्थ्य बनाये रखने हेतु वरदान स्वरूप उपहार में दिए हैं जिनका प्रयोग हम अक्सर भोजन बनाने के लिए किया करते है। यदि इन मसालों के औषधीय गुणों की ओर ध्यान केन्द्रित करें तो पायेंगे कि ये सभी व्यक्तियों की घातक बीमारियों को समाप्त करने में एक फर्स्ट एड बाक्स की भूमिका निभाते हैं। आइये अब देखते हैं कि अपने घरों में स्वाद का तड़का लगाने वाले इन सभी मसालों में मौजूद औषधीय गुण किस तरह से हमारे बहुमूल्य शरीर में उत्पन्न रोगों का नाश करके स्वस्थ बनाते हैं।

**हल्दी:–** सबसे पहले बात हल्दी की करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, हल्दी एंटीबायटिक का काम बखूबी करती है। यदि चोट लगने की स्थिति से दो-चार होना पड़े तो इसका इस्तेमाल करना कतई नहीं भूलें। इसे फेस पैक के रूप में उपयोग करते समय बेसन के साथ त्वचा पर लगाने से निखार आता है। सर्दी-खांसी में गरम पानी के साथ हल्दी को निगलने पर आराम मिलता है। हल्दी उष्ण, सौंदर्य बढ़ाने वाली, रक्तशोधक, कफ वात नाशक आदि होती है।

**पुदीना:–** मसालों में इसका गुण अत्यंत शीतल होता है। 'मिन्ट' के नाम से प्रसिद्ध इस पौधे के पत्तों का प्रयोग सलाद, रायता, चटनी, सूप इत्यादि डिशेज तैयार करने में जायका बढ़ाने हेतु किया जाता है। इसे लू लगने पर, सिरदर्द होने पर पीसकर ठंडाई की भांति पिया जाता है। परिणाम स्वरूप उपरोक्त सभी बीमारियों से निजात मिल जाती है। यह मुंह की दुर्गंध को भी दूर करने में सहायक होता है।

**धनिया:–** सब्जियों में धनिया पत्ती जहां खाने को लजीज बनाती है, वहीं दूसरी ओर इसका एक गुण ठंडक पहुंचाना भी होता है। अंग्रेजी में इसे 'कोरिएंडर' कहा जाता है। यह नेत्रा की ज्योति बढ़ाने में अव्वल पाया गया है इसीलिए इसकी चटनी बनाकर गर्मी में रोजाना सेवन करना फायदेमंद साबित होगा।

**मेथी:–** अन्य सभी मसालों में मेथी की साख बहुत अधिक होती है क्योंकि मल को बांधने में यह अपनी अहम् भूमिका दर्ज कराता है जबकि मधुमेह रोगियों के लिए मेथी दाना रामबाण औषधि है। भारतीय भोजन में यह सब्जी, परांठे और पकौड़ी जैसे लजीज व्यंजनों को बनाने में बहुतायत से लाया जाता है।

रोजाना खाली पेट एक चम्मच छोटा मेथी दाने का चूर्ण पानी के संग लेने से कब्ज की शिकायत और घुटने का दर्द जल्द ही छूमंतर हो जाता है। यही नहीं, यह शरीर की चर्बी को भी घटाता है। सर्दियों के दिनों में मेथी के हरे पत्तों की सब्जी लोगों द्वारा बेहद पसंद की जाती है जिससे व्यक्ति के शरीर को काफी फायदा पहुंचता है।

**अदरक:–** इसका प्रयोग प्रायः पेट में कब्ज, गैस बनना, खांसी, कफ और जुकाम होने पर किया जाता है। अदरक का रस और शहद मिलाकर चाटने से दमे में भी आराम मिलता है। यह भोजन को सही तरह से पचाता है, बलगम खत्म करके भूख की मात्रा में बढ़ोत्तरी करता है। इसे कच्चा या सुखा कर सोंठ भी दोनों तरह से सेवन में लाया जा सकता है।

**जीरा:–** अधिकांशतः इसका उपयोग दवाइयों के निर्माण हेतु सदैव किया जाता है। रक्तशोधक, वायुनाशक, पाचक रूप में विख्यात जीरा हमेशा उल्टी होने की शिकायत को दूर करने में अत्यंत सहायक होता है। पशुओं की बीमारियों में भी इसे औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है जिससे समस्या का निदान हो जाता है।

**अजवायन:–** यह एक बहुपयोगी औषधि मसाला है। दवाइयां बनाने में तथा तेल बनाने में अक्सर अजवायन का ही उपयोग अनिवार्य समझा जाता है। निमोनिया एवं श्वास रोग में इसका चूर्ण मुंह में रखने से राहत मिलती है जबकि, उदर विकारों में बीज के साथ साधारण नमक मिलाकर लेने से लाभ होता है।

**लहसुन:–** अंत में, मसालों के बीच लहसुन का नंबर आता है। आयुर्वेद के अनुसार हृदय रोग में लहसुन बहुत कारगर होता है। इसके अलावा खून को पतला बनाकर हृदय की धमनियों में रक्त संचार सुचारू रूप से कराने में भी बहुत मदद करता है। फलस्वरूप, हृदय रोग जैसी घातक बीमारियों से स्वयं को बचाया जा सकता है। उषाकाल में तीन से चार कलियों का नियमित सेवन करने मात्रा से ही स्वस्थ रहा जा सकता है।

घरों में ही आसानी से उपलब्ध होने वाले इन औषधीय मसालों की पहचान करते हुए सही समय पर इसका उपयोग करके महंगी दवाइयों से बचाव करें। तभी हम भविष्य में पूर्णतयाः स्वस्थ रह सकते हैं अन्यथा कतई नहीं। (स्वा.द.)

# जरूरी है चीनी पर नियंत्रण

नीतू गुप्ता



आधुनिक युग में लोगों में चीनी का सेवन अपरोक्ष रूप से बढ़ा है। पुराने लोग सीधे से गुड़,शक्कर, चीनी का सेवन करते थे मिठाई के रूप में, चाय, दूध, लस्सी और शिकंजी के रूप में पर आज के युवा ब्रेड,कोल्ड ड्रिंक्स, डिब्बाबंद जूस, टमाटर की सास, केक, पेस्ट्री, आइसक्रीम,कैंडी, कुकीज, चाकलेट के शौकीन हैं। इसके जरिए उन्हें इतनी चीनी मिल जाती है जो मोटापा और डायबिटिज को निमंत्राण देती है।

युवा तो युवा, छोटे बच्चे भी बचपन से इन्हें खाना-पीना पसंद करते हैं। वैसे युवा पीढ़ी मिठाई आदि से परहेज करती है पर साफ्ट ड्रिंक्स और प्रोसेस्ड फूड की दीवानी है पर अब यह सोचना है कि हमें चीनी पर विराम कैसे लगाना है।

❋ हम नाश्ते में नियमित रूप से ब्रेड, बटर, सैंडविच, अंडा ब्रेड लेते हैं तो हमें सप्ताह में दो से तीन दिन तक कुछ भिन्न नाश्ता करना चाहिए जैसे दूध ओट्स, नमकीन ओट्स या स्टफड परांठा और स्टफड फुलका जिससे हम ब्रेड में युक्त शुगर से स्वयं को बचा सकें।

❋ कुछ भी फ्राई खाते समय या स्नैक्स खाते समय हम टोमेटो सास का प्रयोग खूब मजे लेकर करते हैं। माना इससे खाने का मजा ज्यादा बढ़ जाता है पर शरीर को अपरोक्ष चीनी मिलती है वो भूल जाते हैं। इससे बचने के लिए टोमेटो कैचअप के स्थान पर हरे धनिया, पुदीने की चटनी लें। अगर वो उपलब्ध नहीं तो ऐसे ही खाएं। स्वाद कम आएगा तो कम खाया जाएगा। इससे शरीर में कैलोरी भी कम जाएगी और फालतू चीनी की मात्रा भी नहीं जाएगी।

❋ साफ्ट ड्रिंक्स, प्रोसेस्ड फूड, ड्रिंक्स, काफी पीने से खून में मौजूद ग्लूकोस की मात्रा तेजी से बढ़ती है। इस पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

❋ यह सच है चीनी से ऊर्जा तो मिलती है पर पोषक तत्व नहीं मिलते। इसलिए मीठे में फलों का सेवन करें। चीनी की जगह जिन चीजों में शहद मिलाकर सेवन कर सकते हैं करें क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन और खनिज शरीर के लिए लाभदायक हैं और ऊर्जा तो मिलेगी ही।

❋ चीनी व मैदे इनमें पोषकता नहीं होती। बस कैलोरी की मात्रा होती है। इसलिए मैदे के स्थान पर हमें गेहूं की रोटी खानी चाहिए। हमारा शरीर कार्बोहाइड्रेट को शक्कर में बदल देता है। यह शक्कर शरीर को ऊर्जा प्रदान करती है और नुकसान नहीं पहुंचाती।

❋ प्रतिदिन स्वस्थ इंसान को चीनी का सेवन 40 ग्राम से ऊपर नहीं करना चाहिए, चाहे मिठाई के रूप में लें या बिस्किट, चाय में चीनी आदि के रूप में लें।

❋ बिस्किट भी मैदे से बने न खाएं। हाई फाइबर बिस्किट लें। फाइबर अतिरिक्त शुगर को रक्त में अवशोषित होने से रोकता है और शुगर लेवल को भी नियंत्राण में रखता है।

❋ दूध में ऊपर से चीनी न मिलाएं क्योंकि दूध में लैक्टोज और फलों में फ्रूक्टोज के रूप में चीनी होती है। इसलिए अतिरिक्त चीनी के सेवन से बचें।

❋ प्रोस्टेड फूड के सेवन से परहेज करें जैसे आइसक्रीम, कैडी, मिठाई, कुकीज, केक, पेस्ट्रीज आदि।

❋ फैट फ्री उत्पाद किशोरों, युवाओं और हैल्थ कांशियस लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। शोध के अनुसार इन उत्पादों से वसा निकालने की प्रक्रिया में स्वाद बदल जाता है। उसी स्वाद को बनाए रखने के लिए कई बार चीनी का प्रयोग किया जाता है इसलिए फैट फ्री उत्पादों का सेवन न करें।

❋ शुगर के ज्यादा सेवन से इंसुलिन बनता है जो वजन बढ़ाने मे मदद करता है। जो लोग पतला होने का या स्वयं को मेनटेन रखने का प्रयास करते हैं उन्हें चीनी युक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए।

❋ प्रोटीन युक्त आहार लें। कार्बोहाइड्रेट की मात्रा का सेवन कम से कम करें।

❋ शुगर फ्री उत्पादों का सेवन भी शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। इनकी मिठास में भी कैलोरी की मात्रा लगभग उतनी ही होती हे। शुगर फ्री के प्रयोग से अधिकतर लोगों को डायरिया होने का खतरा बना रहता है। (स्वा. द.)

## पुणे में कचरे का 'पहाड़' गिरने से एक इमारत ढही, 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

**पुणे :** पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ में बुधवार को भारी बारिश के बाद, कचरे का एक बड़ा ढेर तीन मंजिला इमारत पर गिर गया, जिससे वह ढह गई और कम से कम 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना मोशी में हुई, जहां उस इमारत का इस्तेमाल एक निजी कंपनी के प्रशासनिक कार्यालय के तौर पर किया जा रहा था। यह कंपनी नगर निकाय की ओर से उस जगह पर कचरे के प्रसंस्करण का काम कर रही थी। पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम के आयुक्त विजय सूर्यवंशी ने कहा, प्रशासनिक इमारत कचरे के पहाड़ जैसे ढेर के बगल में बनी थी। शुरुआती तौर पर ऐसा लगता है कि भारी बारिश की वजह से कचरे का ढेर ढीला हो गया और इमारत पर गिर पड़ा। उन्होंने कहा कि निजी कंपनी के करीब 16 कर्मचारियों के इमारत के अंदर होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंच गई हैं और बचाव अभियान जारी है।

## बदरीनाथ में चढ़ावे, दान में अनियमितता में निलंबित कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**देहरादून :** उत्तराखंड के विख्यात बदरीनाथ धाम में चढ़ावे और दान के प्रबंधन में कथित अनियमितताओं के आरोप में श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के निलंबित कर्मचारी प्रमोद नौटियाल के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बीकेटीसी के अध्यक्ष कार्यालय में व्यक्तिगत सहायक के रूप में तैनात नौटियाल के खिलाफ प्राथमिकी मंगलवार रात दर्ज की गयी। मामले की जांच के लिए बीकेटीसी द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति द्वारा प्रथम दृष्टया आरोपों की पुष्टि होने के बाद नौटियाल को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया था और उसके कुछ घंटों के बाद ही उनके खिलाफ बदरीनाथ पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मंगलवार को गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक उच्च स्तरीय टीम का गठन भी किया गया है जिसे 15 दिन में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। पिछले सप्ताह सोशल मीडिया में मंदिर में चढ़ावे और दान के प्रबंधन में कथित अनियमितता के आरोप सामने आये थे।

## आयुर्वेद नीट के लिए अधिसूचना जारी, छात्र जुलाई के तीसरे सप्ताह से करा सकते हैं पंजीकरण

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-प्री आयुर्वेद (नीट-पीए) की अधिसूचना जारी कर दी है जिसके तहत विद्यार्थी जुलाई के तीसरे हफ्ते में पंजीकरण करा सकते हैं। एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अब संस्कृत सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम में प्रवेश लेकर आगे 'बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी' (बीएएमएस) की पढ़ाई कर सकते हैं। बयान में कहा गया है कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम) से अनुमोदित है और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न आयुर्वेद गुरुकुलों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. पवन कुमार ने बताया कि नीट-पीए के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जुलाई के तीसरे सप्ताह से प्रारंभ होगा और परीक्षा का आयोजन अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितम्बर के प्रथम सप्ताह में देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि संस्कृत के विद्यार्थियों में आयुर्वेद के मूल ग्रंथों एवं संहिताओं को मूल भाषा में समझने की स्वाभाविक क्षमता होती है और गुरुकुल आधारित यह मॉडल आयुर्वेद की शास्त्रीय प्रामाणिकता को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सांस्कृतिक विरासत हमें जोड़ती हैं, प्रम्बानन मंदिर परिसर के संरक्षण के लिए इंडोनेशिया का आभार : मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया पहुंचे



**जकार्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सांस्कृतिक विरासत के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को आपस में जोड़ती है। उन्होंने प्रम्बानन मंदिर परिसर की 'विशाल विरासत' को संरक्षित रखने के लिए इंडोनेशिया और वहां के लोगों का धन्यवाद किया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल का दौरा करने के दौरान अपने भाषण में उन्होंने कहा कि प्रम्बानन मंदिर परिसर के लिए एक संयुक्त संरक्षण परियोजना के उद्घाटन का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इंडोनेशियाई नेता को 'मित्र राष्ट्रपति प्रबोवो' की संज्ञा दी और मंदिर परिसर में दोनों नेताओं के दौरे के समय उनके बीच गर्मजोशी वाला जुड़ाव दिखाई दिया। उन्होंने रस्मी तौर पर हाथ मिलाया, वहां उपस्थित लोगों की तरफ हाथ हिलाया और मंदिर के दौरे के समापन के समय एक-दूसरे को गले लगाया। मोदी ने कहा कि ''मित्र, राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ इस जगह आने से यह अवसर मेरे लिए खास बन गया है।'' सदियों पुराना प्रम्बानन मंदिर परिसर योग्यकर्ता शहर से करीब 17 किलोमीटर उत्तर पूर्व में स्थित है। दसवीं सदी में निर्मित इस मंदिर को इंडोनेशिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर माना जाता है। मोदी ने कहा, ''मैंने सुना है कि यहां की हवाओं में संस्कृति की खुशबू है। यह वही खुशबू है जिसे हम हर पल भारत की मिट्टी में महसूस करते हैं। यह खुशबू, यह सांस्कृतिक विरासत हमें जोड़ती है।'' उन्होंने कहा, ''1200 साल... मैं यहां (इंडोनेशिया में) के लोगों का धन्यवाद करता हूं... जिस तरह से उन्होंने इस शानदार विरासत को सुरक्षित रखा है, इसे बनाए रखा है और पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ ऐसा किया है। इसलिए, मैं इंडोनेशिया के लोगों और अब तक रहे सभी शासकों का भी पूरे दिल से अभिवादन करता हूं।'' दोनों नेताओं का इस ऐतिहासिक स्थल का दौरा, भारत और इंडोनेशिया के बीच मंदिर परिसर के संरक्षण और जीर्णोद्धार की परियोजना को भारत की मदद से शुरू करने के लिए 'आशय पत्र' के आदान-प्रदान के एक दिन बाद हुआ। उन्होंने कहा, ''मैंने इस मंदिर में 'महामृत्युंजय' और 'ओम नमः शिवाय' के मंत्रों का जाप होते देखा; इसने सचमुच दिल को छू लिया।'' उन्होंने कहा, ''जब हम प्रम्बानन मंदिर परिसर में संरक्षण और जीर्णोद्धार का काम शुरू कर रहे हैं, जो यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है तो मुझे पूरा भरोसा है कि भारतीय पर्यटक निश्चित रूप से इस जगह पर आएंगे।''

## भारतीय नौसेना का यूएवी पोरबंदर के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं



**नयी दिल्ली/पोरबंदर :** भारतीय नौसेना का एक मानवरहित विमान (यूएवी) बुधवार अपराह्न नौसेना अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद गुजरात के पोरबंदर शहर के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नौसेना ने घटना की पुष्टि की और कहा कि घटना के कारण की जांच की जा रही है। उसने कहा, ''आज दोपहर पोरबंदर नौसेना अड्डे के पास प्रशिक्षण उड़ान के दौरान 'दृष्टि-10' यूएवी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मौके पर किसी के घायल होने या जानहानि की कोई खबर नहीं है। घटना के कारण की जांच की जा रही है।'' पोरबंदर के जिलाधिकारी एस.डी. धनानी ने बताया कि यूएवी सौराष्ट्र क्षेत्र के तटीय शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर धरमपुर गांव के एक खुले मैदान में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। धनानी ने संवाददाताओं को बताया, ''भारतीय नौसेना का एक यूएवी धर्मपुर गांव के पास उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। नौसेना के जवान मौके पर पहुंच गए हैं और जांच शुरू कर दी है।'' अधिकारियों ने बताया कि यूएवी ने पोरबंदर के नौसेना हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी।

## दिल्ली आतंकी मॉड्यूल के निशाने पर थे आनंद विहार रेलवे आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन और भीड़ भरे बाजार



**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा हाल में भंडाफोड़ किए गए पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल ने कथित तौर पर पेट्रोल बम हमलों के संभावित लक्ष्य के रूप में सिविल लाइंस स्थित न्यू पुलिस लाइंस, आनंद विहार आईएसबीटी, रेलवे स्टेशनों और राष्ट्रीय राजधानी में भीड़ भरे बाजारों की पहचान की थी। जांच में यह बात सामने आई है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि उन्होंने आरोपियों के मोबाइल फोन से चैट और इन स्थानों के टोही वीडियो बरामद किए हैं, जो कथित तौर पर प्रतिबंधित मैसेजिंग ऐप के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आईएसआई से जुड़े शहजाद भट्टी के साथ साझा किए गए थे। विशेष प्रकोष्ठ ने भट्टी और गिरफ्तार आरोपियों के बीच सोशल मीडिया चैट को पुनः प्राप्त किया, जिससे हमले की साजिश रचने से कुछ समय पहले जारी किए गए निर्देशों का खुलासा हुआ। पुलिस ने कहा कि जून के अंतिम सप्ताह में हुई बातचीत में भट्टी मुख्य आरोपी दानिश उर्फ चांद मियां से पूछ रहा है कि क्या सामग्री एकत्र कर ली गई है। जांचकर्ताओं ने कहा कि दानिश को दिल्ली में टोह लेने और हमले की साजिश रचने का काम सौंपा गया था। उसे योजना में कामयाब होने पर 20,000 रुपये देने का कथित तौर पर वादा किया गया था। पुलिस ने कहा कि भट्टी ने उसे सामग्री तैयार रखने और अगले निर्देशों का इंतजार करने का कहा था। उन्होंने कहा कि उसके सहयोगी सलमान को हमले का वीडियो बनाने और फुटेज को सीधे भट्टी को भेजने का काम सौंपा गया था। सूत्र ने कहा, दानिश और सलमान को राजघाट के पीछे विजय घाट इलाके से गिरफ्तार किया गया, जहां से विशेष प्रकोष्ठ ने कथित तौर पर योजनाबद्ध हमले के लिए रखे गए पेट्रोल बम बरामद किए थे। जांच से पता चला कि, आरोपी भट्टी के अलावा 10 अन्य पाकिस्तान स्थित गुर्गों के कथित तौर पर संपर्क में थे।

## अमरनाथ यात्रा : इस साल 9,837 तीर्थयात्रियों का सबसे बड़ा जत्था जम्मू से रवाना हुआ



**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 9,837 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष अब तक रवाना हुआ श्रद्धालुओं का यह सबसे बड़ा जत्था है, जिसमें 7,004 पुरुष, 2,810 महिलाएं, 21 बच्चे और दो ट्रांसजेंडर व्यक्ति शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, ''बम बम भोले'', ''हर हर महादेव'' और ''जय बर्फानी बाबा की'' के जयकारों के बीच 4,480 श्रद्धालु 173 गाड़ियों में मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए जबकि 5,354 तीर्थयात्री 188 गाड़ियों में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पारंपरिक पहलगाम मार्ग की ओर बढ़े। इसके साथ ही दो जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से कुल 44,666 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना हो चुके हैं। अब तक 1.15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में भगवान शिव के हिमलिंगम के दर्शन किए हैं।

## नीट-यूजी 2027 : छह दिनों में करीब एक हजार केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा कराने की योजना

**नयी दिल्ली :** चिकित्सा के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अगले साल राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) कंप्यूटर आधारित होगी और इसे छह दिनों में करीब एक हजार केंद्रों पर आयोजित करने की योजना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। किसी भी स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए नीट सबसे बड़ी परीक्षा है और इसमें करीब 25 लाख अभ्यार्थी शामिल होते हैं। केंद्र सरकार ने घोषणा की कि अगले साल से नीट पारंपरिक कागज-कलम के बजाय कंप्यूटर-आधारित परीक्षा (सीबीटी) होगी। सूत्रों ने बताया कि नीट-यूजी को पारंपरिक कागज-कलम या ऑनलाइन कराने को लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालयों के बीच कई वर्षों से विस्तृत विचार-विमर्श चल रहा है।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे का 'मिसिंग लिंक' इंजीनियरिंग का अजूबा, शुरुआती दिक्कतें सामान्य : फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे की 'मिसिंग लिंक' परियोजना का पुरजोर तरीके से बचाव करते हुए कहा कि शुरुआती दौर में कुछ परेशानियां आना स्वाभाविक हैं। इस परियोजना के तहत बनी सुरंग के नजदीक हुई भूस्खलन की घटना के बाद मुख्यमंत्री को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। राज्य विधानसभा में भारी बारिश और बाढ़ प्रबंधन पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए, फडणवीस ने परियोजना की आलोचना करने वालों पर आरोप लगाया कि वे भाड़े के 'ट्रोलर' के जरिए टीवी और सोशल मीडिया पर झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि गलत जानकारी देकर महाराष्ट्र को बदनाम करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से दस साल बाद, जो लोग अपशब्द कह रहे हैं, वे नहीं रहेंगे, लेकिन यह महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग और देवेंद्र फडणवीस व (उप-मुख्यमंत्री) एकनाथ शिंदे के नाम कायम रहेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'मिसिंग लिंक' में भारत का सबसे चौड़ा केबल आधारित पुल बना है जो 170 किमी/घंटा तक की हवा की गति का सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से घाट वाले इलाके में दुर्घटनाएं कम हुई हैं और यातायात सुगम हुआ है। महत्वाकांक्षी कोंकण रेल परियोजना के सामने आई चुनौतियों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय लागू करेगी, लेकिन किसी इंजीनियरिंग उपलब्धि को केवल एक घटना के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

## जयशंकर ने कुवैत के युवराज से मुलाकात की, द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की

**कुवैत सिटी :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-सबाह से बुधवार को मुलाकात की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों तथा पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रम पर चर्चा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से युवराज को शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने कहा, ''हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की मैं सराहना करता हूं। खाड़ी क्षेत्र के घटनाक्रम पर अपने विचार साझा करने के लिए मैंने उनका धन्यवाद किया।'' कुवैत के विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने भारत और कुवैत के बीच ऐतिहासिक संबंधों तथा विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसमें कहा गया है कि विदेश मंत्री जयशंकर ने कुवैत के अपने समकक्ष शेख जर्राह जाबेर अल-अहमद अल-सबाह से भी मुलाकात की और दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत और विकसित करने के तरीकों पर चर्चा की। पोस्ट में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर भी चर्चा की। कुवैत के विदेश मंत्री ने जयशंकर और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के सम्मान में दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया।

## टैक्सी चालक मराठी परीक्षा उत्तीर्ण करें, वरना 16 अगस्त से लाइसेंस रद्द कर दिये जायेंगे : मंत्री

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को चेतावनी दी कि यदि टैक्सी और ऑटो-रिक्शा चालक कार्यात्मक मराठी भाषा परीक्षा उत्तीर्ण करने में विफल रहते हैं, तो 16 अगस्त से उनके लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं। महाराष्ट्र परिवहन विभाग ने सभी गैर-मराठी ऑटो-रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा सीखने की समय सीमा 15 अगस्त निर्धारित की थी। विधान भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए परिवहन मंत्री सरनाईक ने कहा कि लगभग 450 शिक्षकों को चालकों को कार्यात्मक मराठी सिखाने के लिए नियुक्त किया गया है और सरकार ने उन्हें भाषा सीखने के लिए 16 अगस्त तक का समय दिया है। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 4, 22 और 85 के तहत, चालकों को कार्यात्मक मराठी सीखने के लिए 16 अगस्त तक का समय दिया गया है। इसके बाद सख्त कार्रवाई की जायेगी। यदि कोई वाहन चालक कार्यात्मक मराठी परीक्षा में असफल होता है, तो क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) को उसका वाहन चलाने का लाइसेंस रद्द करने का अधिकार दिया गया है।'' मंत्री ने कहा कि उल्लंघनों के लिए पहले 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाता था, लेकिन संशोधित प्रावधानों के तहत अब मराठी भाषा परीक्षा में असफल होने वालों का लाइसेंस रद्द करने की अनुमति दी गई है। बाइक टैक्सी संचालकों के लिए अधिवास प्रमाणपत्र अनिवार्य किए जाने के सवाल का जवाब देते हुए सरनाईक ने कहा कि महाराष्ट्र में दोपहिया टैक्सी सेवा आधिकारिक रूप से एक अगस्त से शुरू होगी।

## भारत में 10 में से सात बच्चे मई-जून के दौरान भीषण गर्मी के कारण स्कूल नहीं जा पाए : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** इस साल मई-जून महीनों में भीषण गर्मी के कारण देश भर में 10 में से लगभग सात बच्चे स्कूल नहीं जा पाए या अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों से दूरी बनायी। एक नयी रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। बच्चों के अधिकारों के लिए काम करने वाले एनजीओ 'सीआरवाई' की एक रिपोर्ट में 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 10-17 साल की उम्र के 3,096 स्कूली बच्चों की राय ली गई। रिपोर्ट में कहा गया, ''88 प्रतिशत बच्चों ने महसूस किया कि इस साल की गर्मी पिछले वर्षों की तुलना में ज्यादा थी। लगभग 68 प्रतिशत बच्चों ने बताया कि गर्मी से जुड़ी दिक्कतों के कारण वे स्कूल नहीं जा पाए या अपनी रोजमर्रा की गतिविधियां नहीं कर पाए, जबकि 76 प्रतिशत ने कहा कि गर्मी का उनकी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता पर बुरा असर पड़ा।'' इसमें कहा गया, ''लगभग 47 प्रतिशत बच्चों ने दोपहर को दिन का सबसे मुश्किल समय बताया और 45 प्रतिशत से ज्यादा ने कहा कि स्कूल के समय में उन्हें खास तौर पर परेशानी हुई। इससे पता चलता है कि बढ़ती गर्मी में पढ़ाई करते समय बच्चों को कैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।'' साल 2026 की गर्मियों में भारत में बार-बार लू की स्थिति देखी गई और कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।

# एनसीईआरटी की कक्षा आठ की संशोधित पाठ्यपुस्तक में 'आर्थिक पृष्ठभूमि' भेदभाव के आधार में शामिल

**नयी दिल्ली :** कक्षा आठ के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से जारी सामाजिक विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में भेदभाव के आधार में जाति, धर्म, नस्ल, लिंग, विकलांगता और पहचान संबंधी अन्य पारंपरिक कारकों के साथ-साथ आर्थिक पृष्ठभूमि को भी शामिल किया गया है। एनसीईआरटी ने न्यायपालिका को कथित तौर पर बदनाम करने को लेकर उपजे विवाद के कुछ महीनों बाद कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक 'समाज का अध्ययन : भारत और उसके आगे' जारी की। संशोधित पाठ्यपुस्तक में विवादित हिस्सों के साथ-साथ अदालतों में लंबित मामलों और दो अहम न्यायिक फैसलों से जुड़े संदर्भों को हटा दिया गया है, जबकि जनहित याचिका, न्यायाधिकरणों और वैकल्पिक विवाद निपटान तंत्र से संबंधित नयी सामग्री शामिल की गई है। संशोधित पाठ्यपुस्तक में कई और बदलाव भी किए गए हैं। 'नागरिकता : अधिकार और कर्तव्य' शीर्षक वाले अध्याय में कहा गया है, भेदभाव का मतलब किसी व्यक्ति या समूह के साथ उनकी जाति, धर्म, नस्ल, विकलांगता, शारीरिक बनावट, लैंगिकता, लैंगिक रुझान या आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण बुरा बर्ताव करना है। यह न केवल अनैतिक है, बल्कि कानूनी रूप से प्रतिबंधित भी है। इसमें कहा गया है, वंचित परिवारों के बच्चों को उनके रूप-रंग, लिंग, लैंगिक रुझान या अन्य व्यक्तिगत विशेषताओं के साथ-साथ आर्थिक स्थिति के आधार पर भी पूर्वाग्रह और असमान व्यवहार का सामना करना पड़ सकता है। यह संशोधन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी नियम, 2026 को अधिसूचित किए जाने के बाद भेदभाव की परिभाषा को लेकर छिड़ी तीखी बहस के बाद किया गया है। यूजीसी की ओर से अधिसूचित नियमों में धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म-स्थान या विकलांगता के आधार पर किए जाने वाले अनुचित या पक्षपातपूर्ण व्यवहार को भेदभाव के तौर पर परिभाषित किया गया है।'।

### दो पाठ्यपुस्तकें अगस्त तक जारी की जाएंगी, कक्षा 1-9 के लिए बाकी किताबें उपलब्ध

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के अधिकारियों के अनुसार, कक्षा एक से नौ तक के लिए सिर्फ दो किताबों को छोड़कर शेष सभी पाठ्यपुस्तकें अब उपलब्ध हैं। इन पाठ्यपुस्तकों को नये पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि ये शेष दो किताबें जिनमें कक्षा नौ की सामाजिक विज्ञान और गणित की पाठ्यपुस्तकों का भाग-2 शामिल है, अगस्त तक जारी होने की संभावना है। एनसीईआरटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''नयी पाठ्यपुस्तकें 'राष्ट्रीय स्कूली शिक्षा पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एसई) 2023' के अनुरूप तैयार की गई हैं। कक्षा एक से आठ तक की सभी पाठ्यपुस्तकें अब डिजिटल और मुद्रित, दोनों प्रारूपों में उपलब्ध हैं। कक्षा नौ की भी सभी पाठ्यपुस्तकें जारी कर दी गई हैं, केवल दो को छोड़कर, जो अगस्त तक उपलब्ध हो जाएंगी।''


# सूरत में बारिश से जनजीवन ठप, 3,800 से अधिक लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए

## मुख्यमंत्री पटेल ने स्थिति की समीक्षा की



**सूरत (गुजरात) :** गुजरात के सूरत शहर में बुधवार सुबह समाप्त हुए 24 घंटों के भीतर 358 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई, जिससे शहर के 'खाड़ी' क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए और जगह-जगह जलजमाव के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शहर के निचले इलाकों से 3,400 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है और 3,800 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान राज्य में बारिश की स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को सूरत और वलसाड का दौरा करेंगे। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र (एसईओसी) के आंकड़ों के अनुसार, सूरत शहर में मंगलवार सुबह छह बजे से बुधवार सुबह 6 बजे के बीच 14.09 इंच या 358 मिमी बारिश हुई। हालांकि बाद में बारिश थम गई, लेकिन शहर और आसपास के इलाकों में स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी रही। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में लोग घुटनों तक पानी में चलते नजर आ रहे हैं। कई लोग जलमग्न सड़कों पर बंद पड़े दुपहिया वाहनों को धक्का देते दिखे। कई जगहों पर पानी घरों, व्यावसायिक परिसरों और दुकानों में भी घुस गया, जिससे जलभराव के कारण सिटी बस सेवाओं सहित सार्वजनिक परिवहन ठप हो गया। वराछा इलाके में पोद्दार आर्केड की भूतल की दुकानें पूरी तरह से पानी में डूब गईं। सूरत नगर निगम ने एक बयान में कहा, 187 स्थानों पर जलजमाव के कारण कुल 3,489 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और 3,897 लोगों को राहत केंद्रों में स्थानांतरित किया गया है। बयान में यह भी बताया गया कि प्रभावितों के बीच भोजन के 12,218 पैकेट, 5,150 पानी की बोतलें और दूध के 400 पैकेट बांटे गए हैं। सूरत के जिलाधिकारी तेजस परमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, लिंबायत, उधना, वराछा और कडोदरा सहित खाड़ी के नजदीकी इलाकों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। सूरत में 'खाड़ी' क्षेत्र स्थानीय रूप से उन निचले इलाकों को कहा जाता है जो शहर के बीच से गुजरने वाली बरसाती जल-निकास नालियों या सहायक नदियों के किनारे बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि शहर के जलमग्न इलाकों में स्थित बहुमंजिला इमारतों में भी भोजन के पैकेट बांटे गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि राहत और बचाव कार्यों के लिए सूरत में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की दो टीमों और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की पांच टीमों को तैनात किया गया है। सूरत जिलाधिकारी के आधिकारिक 'एक्स' खाते से एक पोस्ट में कहा गया, सूरत के मीठीखाड़ी इलाके में एनडीआरएफ की टीम छह द्वारा बाढ़ राहत और बचाव अभियान चलाया गया, जिसमें महिला बचावकर्मियों ने नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# निज्जर हत्याकांड में भारत सरकार की संलिप्तता का कोई सबूत नहीं मिला : कनाडा पुलिस



**नयी दिल्ली :** कनाडा में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में हुई हत्या की जांच कर रहे अधिकारियों को ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिनसे इस मामले में भारतीय सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता साबित होती हो। कनाडाई पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कनाडाई पुलिस का यह बयान कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के उन आरोपों का खंडन करता है, जिनसे दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गये थे। अमेरिकी अधिकारियों ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके सहयोगी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ पर कनाडा में निज्जर की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। अमेरिकी अधिकारियों के इस आरोप के कुछ घंटों बाद रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की उपायुक्त लिसा मोरलैंड का यह बयान आया है। 'ऑपरेशन हार्डबॉल' नाम से चलाए गये संयुक्त अभियान के तहत अमेरिका, कनाडा और यूरोप की कानून प्रवर्तन एजेंसी 24 लोगों को पकड़ चुकी है। अधिकारियों के अनुसार, ये सभी ''भारत से संचालित तीन अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध गिरोहों'' से जुड़े हैं। इन गिरोहों पर निज्जर की हत्या समेत हत्या, जबरन वसूली, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य कई गंभीर अपराधों के आरोप हैं। जांच से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए मोरलैंड ने कनाडा के 'सीबीसी न्यूज' को बताया कि जांचकर्ताओं को ऐसा कोई सबूत नहीं मिला कि निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारी शामिल थे। ट्रूडो के आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, ''इस संगठित अपराध जांच, लगाए गए आरोपों और अभियोग के आधार पर ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे यह संकेत मिले कि भारतीय अधिकारी इसमें शामिल थे।''

### अमेरिका ने लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ पर निज्जर हत्याकांड की साजिश रचने का आरोप लगाया

अमेरिका ने भारत की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके सहयोगी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ पर कनाडा में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। कनाडाई नागरिक निज्जर की 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लॉस एंजिलिस की एक संघीय अदालत में मंगलवार को पेश आरोपपत्र के अनुसार, लॉरेंस बिश्नोई ने निज्जर (45) की हत्या की साजिश रची थी। अदालत के दस्तावेजों में निज्जर का उल्लेख 'एच एस एन' के रूप में किया गया है।

## जैस्मिन पाओलिनी को हराकर मार्ता कोस्तियुक विंबलडन सेमीफाइनल में

**लंदन :** मार्ता कोस्तियुक ने बुधवार को यहां सेंटर कोर्ट में पदार्पण करते हुए जैस्मिन पाओलिनी को सीधे सेट में हराकर पहली बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेन की 24 साल की खिलाड़ी ने 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की। कोस्तियुक फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंची थीं जहां उन्हें बाद में चैंपियन बनीं मीरा आंद्रीवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। पाओलिनी ने दूसरे मैच प्वाइंट पर खराब शॉट खेलकर मुकाबला कोस्तियुक की झोली में डाल दिया। जीत दर्ज करने के बाद कोस्तियुक ने अपने हाथ ऊपर उठाए और घुटनों के बल बैठ गईं। इटली की खिलाड़ी से हाथ मिलाने के बाद कोस्तियुक ने कोर्ट पर चक्कर लगाया। कोस्तियुक बृहस्पतिवार को फिर से खेलेंगी और शनिवार के फाइनल में जगह बनाने के लिए लिंडा नोस्कोवा का सामना करेंगी। नोस्कोवा ने एलिस मर्टेंस को 6-3, 7-5 से हराया। पाओलिनी ने 26 सहज गलतियां की जबकि सिर्फ आठ विनर लगाए।

# विश्व कप में अंतिम आठ की जंग, फ्रांस, स्पेन और अर्जेंटीना पर खिताब की सबसे मजबूत दावेदारी



**न्यूयॉर्क :** फीफा विश्व कप 2026 अब अपने सबसे रोमांचक दौर में पहुंच चुका है। टूर्नामेंट में केवल आठ टीमें बची हैं और क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के साथ खिताब की जंग और तेज हो जाएगी। अंतिम आठ में फ्रांस, स्पेन, अर्जेंटीना, इंग्लैंड, नॉर्वे, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड और मोरक्को ने जगह बनाई है। इनमें फ्रांस को सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जबकि स्पेन, मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना और इंग्लैंड भी खिताब के मजबूत दावेदार हैं। नॉर्वे को इस बार 'डार्क हॉर्स' माना जा रहा है, जबकि बेल्जियम, स्विट्जरलैंड और मोरक्को से उलटफेर की उम्मीद की जा रही है।पहले क्वार्टर फाइनल में मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो में फ्रांस का सामना मोरक्को से होगा। फ्रांस ने ग्रुप चरण में अपने विरोधियों के खिलाफ 10-2 का शानदार गोल अंतर दर्ज किया और नॉकआउट दौर में स्वीडन को 3-0 से हराया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे ने पराग्वे के खिलाफ अपने करियर का 19वां विश्व कप गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। दूसरी ओर, मोरक्को ने ब्राजील से ड्रॉ खेलने, नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में हराने और सह-मेजबान कनाडा को मात देकर अंतिम आठ में जगह बनाई है, लेकिन इस मुकाबले में फ्रांस का पलड़ा भारी माना जा रहा है।दूसरे मुकाबले में कैलिफोर्निया के इंगलवुड में स्पेन और बेल्जियम आमने-सामने होंगे। स्पेन ने ग्रुप चरण के बाद लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रिया और पुर्तगाल जैसी मजबूत टीमों को हराया। वहीं बेल्जियम ने सेनेगल के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की और फिर अमेरिका को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विशेषज्ञों की नजर में इस मुकाबले में स्पेन को बढ़त हासिल है।फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में नॉर्वे और इंग्लैंड की टक्कर होगी। एर्लिंग हालैंड की अगुआई में नॉर्वे ने पांच बार के चैंपियन ब्राजील को हराकर पहली बार विश्व कप क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। दूसरी ओर, इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में मेक्सिको को हराया, हालांकि अनुभवी मिडफील्डर जॉर्डन हेंडरसन चोट के कारण टीम के लिए चिंता बने हुए हैं। मुकाबले को कांटे की टक्कर माना जा रहा है, लेकिन इंग्लैंड को मामूली बढ़त दी जा रही है।चौथे क्वार्टर फाइनल में मिसौरी के कैनसस सिटी में अर्जेंटीना का सामना स्विट्जरलैंड से होगा। कप्तान लियोनेल मेसी शानदार फॉर्म में हैं और टूर्नामेंट में अब तक आठ गोल कर चुके हैं। मिस्र के खिलाफ राउंड ऑफ-16 मुकाबले में अर्जेंटीना 0-2 से पिछड़ने के बावजूद मेसी की अगुआई में 3-2 से जीत दर्ज करने में सफल रहा। दूसरी ओर, स्विट्जरलैंड ने मजबूत रक्षापंक्ति के दम पर कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर 1954 के बाद पहली बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। हालांकि मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना को इस मुकाबले का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

## इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रृंखला बचाने उतरेगी भारतीय टीम



**ब्रिस्टल :** लगातार दो मैच हारने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम जब बृहस्पतिवार को यहां श्रृंखला के निर्णायक चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड के सामने होगी तो उसके सामने खिलाड़ियों के चयन को लेकर मुश्किल चुनौतियां होंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के मुश्किल हालात में ढलने के लिए संघर्ष कर रही है और टीम यह मैच हार गई तो सीरीज भी गंवा देगी। टीम चयन को लेकर सबसे बड़ा सवाल संजू सैमसन को लेकर है। उन्हें दूसरे और तीसरे टी20 से बाहर कर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया था। इस युवा खिलाड़ी का प्रदर्शन अब तक टीम के बाकी खिलाड़ियों से न तो खराब रहा है और न ही बहुत अच्छा। चूंकि टीम अभी 0-2 से पीछे चल रही है इसलिए भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सैमसन की वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। संजू का करियर पिछले चार महीनों में काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। एक समय वह टीम से बाहर थे, फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम में लौटे, लेकिन अब फिर उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी सिर्फ कप्तान श्रेयस अय्यर पर नहीं है जो अपनी वापसी करने वाली श्रृंखला में अचानक कप्तान बनाए जाने के बाद अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। बल्कि कोच गौतम गंभीर और अजीत अगरकर की चयन समिति पर भी बड़ी जिम्मेदारी है। टीम प्रबंधन की रणनीतियों की भी आलोचना हो रही है। यह देखना होगा कि क्या वे एक और सीरीज हारने की शर्मिंदगी से बच पाते हैं या नहीं। तीसरे टी20 में 125 रन की करारी हार के बाद ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों ने 'वी वांट संजू' (हमें संजू टीम में चाहिए) के नारे लगाए। टी20 विश्व कप दिलाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव को बाहर करने पर भारी आलोचना हुई थी। अब उसी टूर्नामेंट के नायक सैमसन को नजरअंदाज करने के फैसले ने एक और सार्वजनिक विरोध को हवा दे दी है। ट्रेंट ब्रिज में शर्मनाक हार ने टीम की कमियों और टीम प्रबंधन की स्पष्ट योजना की कमी को भी उजागर कर दिया है। जोफ्रा आर्चर और जोश टंग की तेज और आक्रामक गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे। इन दोनों ने मिलकर सात विकेट लिए जिनमें शीर्ष पांच बल्लेबाज भी शामिल थे। अब सलामी बल्लेबाजी जोड़ी को छेड़े बिना सैमसन को टीम में शामिल करने और सूर्यवंशी को बिना किसी दबाव के अपना हुनर दिखाने का मौका देने के लिए मध्यक्रम में बदलाव करना पड़ सकता है।

## सौरव गांगुली आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

**नयी दिल्ली :** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को बुधवार को उनके 54वें जन्मदिन पर एक शानदार तोहफा मिला जब एडिनबर्ग में हुई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सालाना बैठक में लिए गए फैसले के बाद वह आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले नवीनतम भारतीय क्रिकेटर बन गए। गांगुली के शामिल होने के साथ ही आईसीसी हॉल ऑफ फेम में भारतीय क्रिकेटरों की संख्या 12 हो गई। इस सम्मान के लिए आईसीसी का आभार जताते हुए गांगुली ने अंतरराष्ट्रीय संस्था के चेयरमैन जय शाह को धन्यवाद दिया और इस पहचान को 'बहुत बड़ा सम्मान' बताया। बाएं हाथ के बल्लेबाज गांगुली ने दुनिया भर से मिली शुभकामनाओं के बीच अपना जन्मदिन मनाया। गांगुली ने 'एक्स' पर लिखा, ''मुझे हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के लिए आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का धन्यवाद... यह बहुत बड़ा सम्मान है... हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 10 भारतीयों में से एक बनना... कुछ महान नामों का हिस्सा बनना अद्भुत है।'' गांगुली ने नवंबर 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल अन्य भारतीय बिशन सिंह बेदी, सुनील गावस्कर, कपिल देव, अनिल कुंबले, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, वीनू मांकड़, डायना इडुलजी, वीरेंद्र सहवाग, नीतू डेविड और महेंद्र सिंह धोनी हैं।

## हैरानी की बात है कि लॉर्ड्स में अब तक महिलाओं का टेस्ट नहीं हुआ, मजूमदार ने कहा

**लंदन :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार इस बात से हैरान हैं कि क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स में पुरुषों का टेस्ट मैच होने के 142 साल बाद महिलाओं के टेस्ट मैच का आयोजन होने जा रहा है। भारत और इंग्लैंड की महिला टीम शुक्रवार से इस प्रतिष्ठित मैदान पर टेस्ट मैच खेलेंगी। इस ऐतिहासिक मैच से पहले इस बात पर सबका ध्यान गया है कि लॉर्ड्स में अब तक महिलाओं का कोई टेस्ट मैच नहीं हुआ है। संवाददाताओं से बात करते हुए मजूमदार ने कहा कि खिलाड़ी इस मौके का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वे तो हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप से पहले ही इसके बारे में बात करने लगीं थीं। अपने करियर के दौरान 171 प्रथम मैच खेलने वाले मजूमदार ने कहा, ''मुझे यह बात हैरान करती है कि लॉर्ड्स में यह पहला ही टेस्ट मैच (महिलाओं का) है। फिर भी मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानता हूं और इसमें शामिल सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूं। यह एक बहुत बड़ा मौका है और हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''किसी भी भारतीय क्रिकेटर के लिए टेस्ट मैच खेलना ही एक सपना होता है, लॉर्ड्स में खेलना तो बहुत बड़ी बात है। मुझे यकीन है कि कल जो भी खिलाड़ी सफेद जर्सी पहनकर लॉर्ड्स में टेस्ट मैच खेलेंगी उन्हें इस बात पर गर्व होगा।'' कोच ने गे कहा, ''हमने ड्रेसिंग रूम में हमेशा यही माना है कि पारंपरिक रूप से हमने टेस्ट मैच में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। टी20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही सब लॉर्ड्स में होने वाले इस मैच के बारे में बात कर रहे थे।'' टी20 विश्व कप से निराशा-जनक विदाई के बाद भारतीय टीम ने लाल गेंद के इस मुकाबले के लिए वर्म्सले क्रिकेट ग्राउंड पर ट्रेनिंग की। भारत ने अपना पिछला टेस्ट मैच इस साल मार्च में खेला था जबकि उससे पिछले साल कोई टेस्ट मैच नहीं खेला था। मजूमदार ने कहा, ''जो हो चुका है (टी20 विश्व कप में) उसे हम बदल नहीं सकते। हमें बस आगे देखना है और आने वाली प्रतियोगिता के लिए जितनी अच्छी तैयारी हो सके उतनी करनी है।''

## जोकोविच मैराथन मुकाबला जीतकर विंबलडन के सेमीफाइनल में



**लंदन :** नोवाक जोकोविच की उम्र 39 वर्ष है लेकिन उनका जोश, जुनून और फिटनेस में किसी तरह की कमी नहीं आई है। इसका शानदार नजारा विंबलडन के सेंटर कोर्ट में देखने को मिला जहां उन्होंने पांच घंटे से भी अधिक समय तक चले मैराथन मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने मंगलवार को कनाडा के 25 साल के ऑगर-एलियासिमे पर 7-6 (10), 3-6, 6-3, 6-7 (4), 7-6 (4) से जीत हासिल की और मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। यह मैच पांच घंटे 16 मिनट तक चला। इस तरह से यह विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मैच बन गया। जोकोविच ने कहा, ''ये वो पल हैं जिनके लिए मैं आज भी टेनिस खेलता हूं। मैं अब भी उन युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं जो मुझसे 15 साल छोटे हैं। मैं उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में हरा सकता हूं।'' जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने विंबलडन के सेमीफाइनल में लगातार आठवीं बार पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में लगातार सबसे अधिक पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के मामले में रोजर फेडरर से एक कदम आगे निकल गए हैं। जोकोविच से बाद में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी से अपनी तुलना करने के लिए कहा गया, जो 39 वर्ष के हैं और अभी भी उच्च स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जोकोविच ने उस महान फुटबॉलर के बारे में कहा,''उनके जैसा 90 मिनट खेलना अच्छा लगेगा।''




## पंजाब एंड सिंध बैंक को गिफ्ट सिटी में आईएफएससी बैंकिंग इकाई स्थापित करने का लाइसेंस मिला

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक को गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में आईएफएससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू) स्थापित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) से लाइसेंस मिल गया है। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। बैंक ने बयान में कहा कि यह कदम उसकी अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग मौजूदगी का विस्तार करने और वैश्विक स्तर की अपतटीय बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव है। पंजाब एंड सिंध बैंक ने कहा कि प्रस्तावित आईएफएससी बैंकिंग इकाई के माध्यम से कंपनियों, वित्तीय संस्थानों, आयातकों और वैश्विक निवेशकों की वित्तीय जरूरतों को पूरा किया जाएगा। इसके तहत विदेशी मुद्रा बैंकिंग, व्यापार वित्त और अन्य अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैंक ने कहा कि वह गिफ्ट आईएफएससी को एक प्रमुख वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में विकसित करने के भारत सरकार के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने की आशंका से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

### सेंसेक्स 1,677 अंक फिसला



**मुंबई :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के साथ अंतरिम समझौता खत्म करने की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 517 अंक टूट गया। विश्लेषकों ने कहा कि पहली तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के अनुमान को लेकर निवेशकों में चिंता होने से भी बाजार में 'जोखिम से बचने' का रुख देखने को मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677.12 अंक यानी 2.15 प्रतिशत गिरकर 76,503.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,921.69 अंक लुढ़ककर 76,259.03 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 516.65 अंक यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर 23,882.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल सभी 30 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), मारुति, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने की आशंका हावी होने से कच्चा तेल फिर से चढ़ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.18 प्रतिशत चढ़कर 78.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, ''होर्मुज जलडमरूमध्य में माल-वाहक जहाजों पर ईरान के हमले के बाद ट्रंप ने अंतरिम शांति समझौते को समाप्त घोषित कर दिया जिससे भू-राजनीतिक तनाव फिर बढ़ गया है। इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में करीब सात प्रतिशत की तेजी आई, जिसका असर वैश्विक वित्तीय बाजारों पर भी पड़ा।'' व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.14 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट 1.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। चौतरफा गिरावट के चलते सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरकर बंद हुए। सेवा खंड में सर्वाधिक 3.21 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि पीएसयू बैंक खंड में 2.76 प्रतिशत, एफएमसीजी खंड में 2.54 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 2.49 प्रतिशत और बैंकिंग सूचकांक में 2.46 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,211 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि 1,070 शेयरों में तेजी रही और 173 अन्य अपरिवर्तित रहे। इक्विरस वेल्थ के प्रबंध निदेशक एवं व्यवसाय प्रमुख अंकुर पुंज ने कहा, ''पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद निवेशकों के जोखिम से दूरी बनाने से वैश्विक बाजारों में बिकवाली आई, जिसका असर घरेलू सूचकांकों पर भी तेज गिरावट के रूप में दिखा।

## टाटा समूह का अपने वाहन कारोबार को अगले पांच साल में 100 अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य

**मुंबई :** टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को कहा कि अगले पांच साल में समूह का वाहन कारोबार 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके लिए घरेलू कारोबार में 40,000 करोड़ रुपये और जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) में लगभग 20 अरब ब्रिटिश पाउंड के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखा गया है। चंद्रशेखरन ने बुधवार को यहां कंपनी की 81वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को ऑनलाइन संबोधित करते हुए शेयरधारकों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में कंपनी का लक्ष्य 40-45 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी बनाए रखना है। वर्तमान में उसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग 42 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2019-20 से 2029-30 की अवधि में बिक्री मात्रा में 10 गुना वृद्धि और 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा, '' मैं कहना चाहता हूं कि दोनों कंपनियों (टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा मोटर्स लिमिटेड) ने बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। अगले पांच वर्षों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स कंपनी, जिसमें जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) भी शामिल है...का लक्ष्य 60 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री का है। इसमें जेएलआर का योगदान लगभग 45-50 अरब अमेरिकी डॉलर और टाटा मोटर्स के घरेलू कारोबार का योगदान लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर रहने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, '' संयुक्त रूप से दोनों कंपनियों का लाभ पांच अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होगा। वाणिज्यिक वाहन (सीवी) कारोबार के लिए 40 अरब अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य रखा गया है, उसको शामिल करने पर दोनों कंपनियों का कुल वाहन कारोबार 100 अरब अमेरिकी डॉलर का होगा।'' उन्होंने कहा, '' पूंजीगत व्यय के लिहाज से अगले पांच साल के लिए टाटा मोटर्स के घरेलू कारोबार का लक्ष्य 40,000 करोड़ रुपये है, जबकि जेएलआर का लक्ष्य लगभग 20 अरब ब्रिटिश पाउंड है।''

## इस्मा ने कहा, ई-20 पेट्रोल से गाड़ियों को नुकसान पहुंचने के दावे 'गुमराह करने वाले'

**नयी दिल्ली :** भारतीय चीनी एवं जैव-उर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने बुधवार को कहा कि ई-20 पेट्रोल से गाड़ियों को नुकसान पहुंचने, कीड़े-मकोड़े आने, बीमा अमान्य होने या ईंधन में सीधे गन्ने का रस मिलाने जैसे हालिया दावे 'गुमराह करने वाले और तथ्यों के हिसाब से गलत' हैं। उद्योग निकाय ने अपील की कि एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल पर सार्वजनिक चर्चा वैज्ञानिक प्रमाण, प्रमाणित आंकड़ों और सरकारी स्पष्टीकरणों पर आधारित होनी चाहिए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि भारत का एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, कड़ाई से परीक्षण, और लगातार निगरानी किया जाने वाला कार्यक्रम है, जिसे पेट्रोलियम विपणन कंपनियों, वाहन विनिर्माताओं, ईंधन जांच एजेंसियों और अन्य अंशधारकों के साथ मिलकर तैयार किया गया है। सरकार ने कहा कि ई-20 पेट्रोल की पेशकश के बाद से इंजन फेल होने या गाड़ी खराब होने की कोई घटना इससे जुड़ी नहीं पाई गई है। उद्योग के प्रतिनिधियों ने कहा कि 'माइलेज' में जो भी अंतर देखा गया, वह बहुत कम था, जबकि ई-20 उत्सर्जन कम करने, तेल आयात घटाने, विदेशी मुद्रा बचाने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है।

## पाकिस्तान शेयर बाजार में 4,600 अंक की बड़ी गिरावट

**कराची :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के साथ संघर्ष विराम समाप्त होने संबंधी घोषणा के बाद पाकिस्तान के शेयर बाजार में बुधवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक केएसई-100 कारोबार के अंत में 4,626.19 अंक यानी 2.48 प्रतिशत गिरकर 1,81,629.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सूचकांक 6,751.21 अंक की गिरावट के साथ 1,79,504.34 तक लुढ़क गया था। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में यह गिरावट अमेरिका और ईरान के बीच तनाव दोबारा बढ़ने की आशंका से जुड़ी है। ट्रंप ने ईरान के साथ संघर्ष विराम समझौता खत्म होने की घोषणा की है जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा।

## रुपया 52 पैसे टूटकर 95.48 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** रुपया बुधवार को 52 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.48 पर बंद हुआ। होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन वाणिज्यिक पोतों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद अमेरिकी सेना ने बुधवार तड़के ईरान के खिलाफ हमले किए। इससे दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने को लेकर हुए अंतरिम समझौते पर खतरा खड़ा हो गया है। इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ जिससे रुपये पर दबाव बना। इन हमलों के बाद, दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में जबर्दस्त उछाल आया। वैश्विक कच्चा तेल मानक, ब्रेंट क्रूड, वायदा कारोबार में 6.16 प्रतिशत बढ़कर 78.73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## भारत के चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 2030 तक 35 अरब डॉलर के अवसर की संभावना : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत के चिकित्सा प्रौद्योगिकी (मेडटेक) क्षेत्र में वर्ष 2030 तक 35 अरब डॉलर के अवसर उपलब्ध होने और इस दौरान चिकित्सा उपकरणों का निर्यात बढ़कर आठ अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। बेन एंड कंपनी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'बिल्डिंग ग्लोबल चैंपियंस : द एशिया-पैसिफिक रीजन्स नेक्स्ट मेडटेक वेव' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार, भारत से चिकित्सा उपकरणों के निर्यात में वृद्धि एशिया-प्रशांत क्षेत्र के चिकित्सा प्रौद्योगिकी नवाचार परिवेश में देश की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। बेन एंड कंपनी की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जैसे उच्च वृद्धि वाले बाजारों सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र चिकित्सा प्रौद्योगिकी के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण मांग केंद्रों में से एक बन रहा है।

## भारत में ऋण गुणवत्ता में सुधार के बावजूद क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम : सिबिल




**मुंबई :** ट्रांसयूनियन सिबिल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी भवेश जैन ने बुधवार को कहा कि बकाया भुगतान में चूक (डिलिंक्वेंसी) के स्तर में सुधार जैसे कई सकारात्मक कारकों के बावजूद विकसित ही नहीं बल्कि विकासशील देशों की तुलना में भी भारत में क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम है। जैन ने संवाददाताओं से कहा कि व्यापक ऋण परिवेश में इस उत्पाद का यो-गदान घटा है। नए जुड़े ग्राहकों में केवल आठ प्रतिशत ही ऐसे हैं जो पहली बार ऋण प्रणाली से जुड़े हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह अनुपात 26 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि भारत में 5.2 करोड़ लोगों के पास क्रेडिट कार्ड हैं, जो लगभग 25 करोड़ सक्रिय ऋण ग्राहकों की कुल संख्या का केवल 25 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि विकसित और विकासशील देशों में क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले लोगों का अनुपात इससे अधिक है। क्रेडिट सूचना कंपनी द्वारा तैयार एक श्वेतपत्र के अनुसार, यह अनुपात कोलंबिया में 62 प्रतिशत, हांगकांग में 98 प्रतिशत, अमेरिका में 81 प्रतिशत और ब्रिटेन में 70 प्रतिशत है। श्वेतपत्र में कहा गया कि वर्षों में मुख्य रूप से उपभोग के लिए इस्तेमाल होने वाले क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए प्रमुख असुरक्षित ऋण उत्पाद नहीं रह गए हैं। इसके पीछे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), व्यक्तिगत ऋण आदि जैसे विकल्प उपलब्ध होना है जिनसे इसकी प्रतिस्पर्धा है। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रत्येक क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर दो प्रतिशत तक का मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाया जाता है। साथ ही, उपयोगकर्ताओं को लेनदेन पर 'रिवॉर्ड प्वाइंट' जैसे लाभ भी मिलते हैं। वर्तमान में उपयोगकर्ता वीजा और मास्टरकार्ड जैसे अन्य नेटवर्क के क्रेडिट कार्ड को यूपीआई ऐप से नहीं जोड़ सकते, जिससे इसका उपयोग सरकार समर्थित रुपे तक सीमित रहता है। पिछले एक दशक में कई मानकों पर वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान बकाया राशि 8.3 गुना होकर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गई, क्रेडिट कार्ड रखने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 3.6 गुना होकर 5.2 करोड़ हो गई और कार्डों की संख्या 5.1 गुना होकर 10.7 करोड़ रही।

## मेटा का सबसे उन्नत एआई इमेज जनरेटर 'म्यूज इमेज' पेश, दुरुपयोग की आशंका

**नयी दिल्ली :** प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा ने अपने अब तक के सबसे उन्नत एआई इमेज जनरेटर 'म्यूज इमेज' को पेश करने की घोषणा की है लेकिन इस कदम को डेटा गोपनीयता, इमेज-स्क्रैपिंग और सहमति से जुड़े सवालों के बीच आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इमेज-स्क्रैपिंग का मतलब ऑनलाइन मंचों से तस्वीरों को उपयोगकर्ता की स्पष्ट अनुमति के बगैर स्वचालित रूप से इकट्ठा करने से है। कंपनी ने कहा कि 'म्यूज इमेज' मेटा सुपरइंटेलिजेंस लैब्स द्वारा विकसित पहला मीडिया-जनरेशन मॉडल है, जो निर्देशों का सटीक पालन, मल्टी-रेफरेंस कम्पोजिशन और तस्वीर संपादन जैसी क्षमताएं प्रदान करता है। मेटा ने कहा कि 'म्यूज इमेज' में 'कंटेंट सील' नामक एक अदृश्य वॉटरमार्किंग सिस्टम जोड़ा गया है, जिससे यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि कोई तस्वीर एआई से बनाई गई है या नहीं। कंपनी ऐसे डिटेक्शन टूल का भी परीक्षण कर रही है, जो इस वॉटरमार्क की पहचान कर सके। यह सेवा फिलहाल मेटा एआई ऐप, मेटा.एआई और अमेरिका में इंस्टाग्राम स्टोरीज पर उपलब्ध है, जबकि कुछ देशों में सीमित तौर पर व्हाट्सऐप पर शुरू की गई है। इसे जल्द ही फेसबुक और अन्य मंचों पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की प्रौद्योगिकी के व्यापक इस्तेमाल से ऑनलाइन सामग्री की विश्वसनीयता को लेकर चुनौतियां बढ़ सकती हैं और उपयोगकर्ता सार्वजनिक रूप से साझा की जाने वाली सामग्री के प्रति अधिक सतर्क हो सकते हैं। विशेषज्ञों ने इस मॉडल के उस फीचर पर चिंता जताई है, जिसमें उपयोगकर्ता किसी इंस्टाग्राम यूजरनेम को निर्देश (प्रॉम्प्ट) में डालकर सार्वजनिक प्रोफाइल में मौजूद तस्वीरों के आधार पर एआई जनित तस्वीर तैयार कर सकते हैं।

वर्ष 11, पूर्णांक 3647 अंक 113 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in